




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 162 | कोरबा, रविवार , दिनांक 15 मार्च 2026 डाक 16 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में वनरानी मिनी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।



**देश-विदेश**
दिल्ली-एनसीआर में छाए काले बादल, तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश, गर्मी से मिलेगी राहत



**कोरिया पेज**
संसद घेराव कार्यक्रम में भाग लेने एमसीबी के 35 युवा कांग्रेसी दिल्ली रवाना




# भाजपा-तृणमूल के बीच टकराव पर सियासी संग्राम तेज, 4 गिरफ्तार

**कोलकाता, 15 मार्च [एजेंसी]।**



कोलकाता में हुई झड़पों को लेकर भाजपा और टीएमसी के बीच सियासी घमासान रविवार को भी जारी रहा। यह टकराव कोलकाता के गिरिश पार्क इलाके में उस समय हुआ, जब शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से पहले दोनों दलों के समर्थक आमने-सामने आ गए। बताया जा रहा है कि दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होने वाले संबोधन से पहले माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान कोलकाता पुलिस के एक इंस्पेक्टर और पश्चिम बंगाल सरकार के एक मंत्री के घायल होने की भी खबर सामने आई है। घटना के बाद पुलिस ने रातभर अभियान चलाकर अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल भाजपा इकाई ने आरोप लगाया है कि पुलिस की कार्रवाई एकतरफा है। पार्टी का कहना है कि उसके समर्थकों को निशाना बनाया गया है। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में शामिल होने जा रहे समर्थकों की बस पर हमला किया गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि हिंसा की शुरुआत भी सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं ने ही की थी। इस मामले में न तो तृणमूल कांग्रेस और न ही भाजपा ने औपचारिक तौर पर एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बावजूद कोलकाता पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। अब तक गिरफ्तार किए गए चार लोगों में तीन भाजपा समर्थक बताए जा रहे हैं, जिनमें कृषाणु बोस, सनी डे और चरणजीत सिंह के नाम शामिल हैं। कोलकाता नगर निगम के भाजपा पार्षद सजल घोष ने इन गिरफ्तारियों पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिन तीन भाजपा समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है, वे झड़प के समय घटनास्थल के आसपास भी मौजूद नहीं थे। सजल घोष ने कहा, मैं कोलकाता पुलिस को चुनौती देता हूं कि वह उस समय की सीसीटीवी फुटेज जारी करे। साथ ही इन लोगों की मोबाइल टावर लोकेशन भी सार्वजनिक की जाए। तृणमूल कांग्रेस के दबाव में पुलिस ने उन्हें बेवजह गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप भी लगा दिए हैं।

## एसआई परीक्षा में प्रश्न विवाद: आस्था पर न करें टिप्पणी, आदतन अपराधी व्यक्ति को प्रतिबंधित करें

*लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न को लेकर उठा विवाद तूल पकड़ रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस पर टिप्पणी की है। उन्होंने सभी भर्ती बोर्ड के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं। कहा कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ, संप्रदाय की मर्यादा एवं आस्था के विषय में अमर्यादित टिप्पणी न की जाए। सीएम ने कहा कि सभी पेपर सेटर्स को भी यह निर्देशित किया जाए। आदतन अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। यह विषय पेपर सेटर्स के एमओयू का भी हिस्सा बनाएं।*

# कांशीराम जयंती पर मायावती ने दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ 15 मार्च।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की सोच और आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित किया। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के जन्मदाता और संस्थापक कांशीराम को उनकी जयंती पर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में उनके अनुयायियों की ओर से शत-शत नमन और श्रद्धांजलि अर्पित। कांशीराम ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की विचारधारा और आंदोलन को पूरे देश में जिंदा करके और उनके कारवां को आगे बढ़ाकर सत्ता की मंजिल तक पहुंचाने के मिशन के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करके लगातार संघर्ष किया। बसपा सुप्रीमो ने आगे लिखा, उन्होंने जाति के आधार पर तोड़े और पछाड़े गए लोगों को बहुजन समाज की एकता में जोड़ने के उस ऐतिहासिक योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने बसपा के सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति आंदोलन को तन, मन और धन से मजबूत बनाने और पूरी जिद के साथ चुनावी सफलता हासिल करने के संकल्प को दोहराया। बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे बसपा आंदोलन से जुड़कर मिशनरी और ईमानदार अंबेडकरवादी बनें व अपने वोट की ताकत से सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करें।

# पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान आज संभव




**नईदिल्ली।** देश की सियासत के लिए अहम माने जाने वाले पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए आज यानी रविवार को निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है। इन राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल मई और जून में समाप्त हो रहा है। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए चुनाव आयोग आज शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इस दौरान आयोग संभवतः उन राज्यों के चुनाव कार्यक्रम और तारीखों की घोषणा करेगा, जहां इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

आयोग की यह घोषणा राजनीतिक दलों और मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे पता चलेगा कि चुनाव कब और कैसे संपन्न होंगे। चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन राज्यों में होने वाले चुनावों का पूरा कार्यक्रम बताया जाएगा। ये चुनाव न केवल इन राज्यों के लिए बल्कि अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनावों के लिहाज से भी बहुत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

# उड़ी में सेना का बड़ा एक्शन, रात के अंधेरे में घुसपैठ की कोशिश की नाकाम, पाकिस्तानी आतंकी ढेर



**जम्मू, 15 मार्च [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में ऑपरेशन DIGGI-2 के दौरान भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। नियंत्रण रेखा के पास बुछार इलाके में हुई एक संयुक्त कार्रवाई में सेना के जवानों ने एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। सेना के अनुसार, यह आतंकवादी घुसपैठ कर भारतीय सीमा में प्रवेश करने की फिराक में था। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस को बुछार, उड़ी सेक्टर में घुसपैठ के प्रयास के संबंध में एक विशिष्ट खुफिया इनपुट प्राप्त हुआ था। इस सूचना के आधार पर भारतीय सेना और पुलिस ने 14-15 मार्च की दरमियानी रात को एक संयुक्त अभियान शुरू किया।अभियान के दौरान घने जंगल में सैनिकों ने एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। सतर्क जवानों ने तुरंत घेराबंदी कर आतंकी को चुनौती दी। इसके जवाब में आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आतंकी को ढेर कर दिया।इस मुठभेड़ के दौरान मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादी के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। बरामदगी में एक एके राइफल, पिस्तौल और कारतूस शामिल हैं। यह बरामदगी इस बात की ओर इशारा करती है कि आतंकवादी बड़े हमले की योजना बना रहा था। सेना ने बताया है कि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है।

## एक्टर विजय के साथ मिलकर चुनाव लड़ने जा रही बीजेपी, दिया बड़ा ऑफर

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के करीब आते ही राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। हालिया मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम और बीजेपी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। बीजेपी ने विजय को गठबंधन में शामिल होने के लिए एक बड़ा ऑफर दिया है। कहा जा रहा है कि बीजेपी ने विजय की पार्टी को 80 सीटें देने की पेशकश की है। इसके साथ ही बीजेपी ने विजय को उपमुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा है।

## उत्तर कोरिया ने किया तोप और परमाणु रॉकेट का सफल परीक्षण, आसमान में तेज गर्जना से दहला



**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया ने परमाणु क्षमता वाले रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम के परीक्षण की जानकारी दी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, नॉर्थ कोरिया के नेता किम जोंग और उनकी बेटी जू ए ने मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम के परीक्षण को साथ में देखा। उत्तर कोरिया के पड़ोसी देश दक्षिण कोरिया ने इस परीक्षण की निंदा की। किम जोंग के इस मिसाइल टेस्ट पर दक्षिण कोरिया ने सूचना दी थी कि उत्तर कोरिया की तरफ से करीब 10 बैलेस्टिक मिसाइल दागी गई हैं। केसीएनए के मुताबिक, उत्तर कोरिया के इस अभ्यास में 600 mm-कैलिबर वाले एक दर्जन सटीक मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर और दो तोपखाना कंपनियां शामिल थीं।


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



स्व. श्री छोटेलाल जी अग्रवाल
निर्वाण : 15 मार्च 1998

28वीं पुण्यतिथि

28 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 15 मार्च 1998 को आपका नश्वर शरीर ईहलोक छोड़कर स्वर्गारोहण कर आप अनंत यात्रा पर चले गए। यद्यपि आप आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आपका संघर्ष और कड़ी मेहनत करने की सीख और पुरूषार्थ से अर्थ अर्जित करने की प्रेरणा और जन सेवा का दिया हुआ अनमोल उपहार हमारी धरोहर है। जीवन के हर मोड़ पर हमें आपकी याद आती है और आपके द्वारा बताए गए आदर्श हमें संबल प्रदान करता है। आज (15 मार्च 2026) आपकी 28वीं पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण करते हुए आपके श्रीचरणों में हमारा शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि संघर्ष में जीना सिखाया, यही हमारा आदर्श और आपकी प्रेरणा हमारा संबल है....

शोकाकुल
दिनेश, विकास, पंकज, आशीष, रवि, विपुल, सारांश, समर्थ तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन

ॐ शांति
समस्त मातनहेलिया परिवार

विनीत
राजबीर प्रसाद अग्रवाल
राजकुमार अग्रवाल
भगवान दास अग्रवाल

फर्म :
- सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
- आद्या फ्युल्स, छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स, लखनपुर रोड, सुतर्रा (कोरबा)
- नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो. : 9826670261
- लायंस गुरूकुल महाविद्यालय, खरहरकुड़ा (मड़वारानी)
- सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि.
- मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन, कोरबा (छ.ग.)

पिता-सनतः-दीपवत-प्रकाशयन्ति-पथम् । तेषां कृते नमनं मम् ।।

# स्वाभिमान मिशन के तहत 10 लाख महिलाएं बनेंगी 'बिजनेस वुमन'

**कोरबा।** अदाणी ग्रुप की सामाजिक सेवा और विकास से संबंधित इकाई, अदाणी फाउंडेशन 11 अगस्त 2026 को अपने 30 साल पूरे करने जा रही है। इस मौके से पहले फाउंडेशन ने अपने प्रमुख महिला सशक्तिकरण मिशन 'स्वाभिमान' को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाने की घोषणा की है। इस पहल का लक्ष्य देशभर में 10 लाख महिला उद्यमियों को सक्षम बनाना है।

ये घोषणा गुरुवार को मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में आयोजित 'स्वाभिमान- द राइज़ ऑफ शी' कार्यक्रम के दौरान की गई। इस अवसर पर महिलाओं की आजीविका, व्यापार और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर इस पहल के बढ़ते प्रभाव को प्रमुखता से उजागर किया गया।

विस्तार के पहले फेज में ध्यान महाराष्ट्र पर रहेगा, जहां इस पहल के तहत पहले वर्ष में एक लाख महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे छोटे बिजनेस और जमीनी स्तर की व्यापार के लिए नए अवसर तैयार किए जाएंगे। यह कार्यक्रम महिला आर्थिक विकास महामंडल (माविम) के साथ मिलकर शुरू किया गया है। माविम महाराष्ट्र सरकार की वह संस्था है, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूहों के विकास के लिए काम करती है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत चल रहे स्वाभिमान कार्यक्रम के जरिए अब तक मुंबई के वंचित समुदायों की 4,500 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता से जुड़ी जानकारी और वित्तीय व डिजिटल साक्षरता के माध्यम से स्थायी आजीविका बनाने में मदद मिली है।कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी और ट्रस्टी शिलिन अदाणी मौजूद रहीं।




इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े और माविम की एमडी नंदिनी आवाडे भी उपस्थित रहीं।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सामाजिक उत्थान के लिए किया जा रहे हैं कार्यों के लिए समूह को बधाई दी.

## राष्ट्रीय भावना के साथ काम कर रहा भारत विकास परिषद : संजू देवी

**कोरबा।** भारत विकास परिषद कोरबा द्वारा होली मिलन और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। कोरबा की प्रथम नागरिक महापौर संजू देवी राजपूत ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर सबको बधाई देते हुए परिषद के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद कोरबा द्वारा होली मिलन और महिला दिवस पर समारोह का आयोजन अप्पू गार्डन में किया गया। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह मैं महिलाओं का सम्मान किया गया।

भारत विकास परिषद और शक्ति स्वरूपा की महिलाओं ने महापौर को सम्मानित किया महापौर संजू देवी राजपूत ने भारत विकास परिषद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की जो भी राष्ट्र को समर्पित व पुनीत कार्य परिषद द्वारा किया जा रहा है उसमें आवश्यकता अनुसार हर संभव मदद की जाएगी। अप्पू गार्डन की व्यवस्था से भी महापौर काफी प्रभावित नजर आई। उन्होंने कहा कि उजड़ गए गार्डन को व्यवस्थित कर लिया गया है। परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कुदेशिया ने भारत विकास परिषद के स्थापना के उद्देश्य से लेकर परिषद द्वारा संचालित समस्त गतिविधियों की जानकारी लोगों को प्रदान की।

नेत्रदान देहदान प्रकल्प प्रभारी महेश गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद इस दिशा में तेजी से अग्रसर है परिषद के आह्वान पर कोरबा में नेत्रदान का कार्य शुरू हो गया है, 8 से अधिक लोगों की मृत देह चिकित्सा महाविद्यालय को सौंपी जा चुकी है।

इस अवसर पर परिषद के सदस्यों ने सिमरन कौर के आह्वान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। किसी ने गीत सुनाये तो किसी ने चुटकुले। भारत विकास परिषद के सदस्यों के लिए अप्पू गार्डन में ही संचालकों की ओर से फाइनल मैच भी बड़े पर्दे पर दिखाया गया। भारत विकास परिषद के इस कार्यक्रम में शक्ति स्वरूपा की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दानी प्रदेश महासचिव नरेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रेम रामचंदानी भी मंचासीन थे। परिषद और शक्ति स्वरूपा के लगभग सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारत विकास परिषद के पूर्व प्रदेश महासचिव सीए कैलाश अग्रवाल ने किया।

## अखबार वितरक संघ कार्यालय को रेडक्रास सोसायटी ने भेंट किया वाटर स्पेंसर वाटर कूलर

**कोरबा।** 13 मार्च को रेडक्रास सोसायटी कोरबा ने अखबार वितरक संघ जिला इकाई कोरबा के कार्यालय को वाटर स्पेंसर( वाटर कूलर) भेंट किया, इससे अखबार वितरक संघ कार्यालय को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी। कुछ दिन पूर्व संघ के पदाधिकारियों ने इसकी मांग रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल से की थी। श्री अग्रवाल ने पहल करते हुए इसकी व्यवस्था के लिए संरक्षक मोहम्मद शफी से आग्रह किया और मोहम्मद शफी ने वाटर स्पेंसर की व्यवस्था की।




अखबार वितरक संघ जिला इकाई कोरबा ने 13 मार्च को शाम 8.00 बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया और बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, संरक्षक मोहम्मद शफी, राहुल मोदी-चेयरमेन, यूथ रेडक्रास सोसायटी, राजू सिंह यूथ एवं जूनियर रेड क्रॉस सोसायटी सचिव जफर अली उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद्मसिंह चंदेल ने किया। संघ ने उपस्थित अतिथियों का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। संक्षिप्त उद्बोधन में रामसिंह अग्रवाल ने अखबार वितरक संघ जिला इकाई के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छोटे-छोटे कार्यों से ही बड़ी सफलता मिलती है और एकता से सभी काम आसान हो जाते हैं। अखबार वितरण करने वाले बच्चों ने संघ बनाकर एकता का जो मिशाल पेश किया है, वह आने वाले दिनों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रास सोसायटी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एक साल में ही 1000 सदस्य बनाकर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 80 लाख रूपए से रेडक्रास भवन का निर्माण हो रहा है, 28 लाख की लागत से ब्लड कलेक्शन सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस का शीघ्र ही लोकार्पण होगा। कार्य करने का जज्बा हो तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं रहता, आप भी लगे रहिए, एक दिन यह संघ अपनी पहचान खुद ब खुद बना लेगा। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, सहसचिव रायसिंह, रामा, कृष्ण निर्मलकर, तपेश्वर राठौर,, राजकुमार पटेल, अनिल गिरी सरोज, हर्ष नेताम, राहुल, पप्पू, विजय, ओमकार , दीपक, अज्जू सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ने सभी का आभार जताया।

## विधायक ने किया सोहागपुर में गौधाम का उद्घाटन

**कोरबा।** सोहागपुर में गौधाम सोहागपुर के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री फूल सिंह राठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग जिला स्तरीय समिति कोरबा के अध्यक्ष विनय सिंह, जनपद सदस्य सुहागपुर श्रीमती अनसुईया राठौर, सांसद प्रतिनिधि सहसराम कौशिक, उपसरपंच सुहागपुर विजय कुमार जांगड़े तथा गौ सेवा आयोग विकासखंड स्तरीय समिति करतला के अध्यक्ष मारुति पटेल शामिल हुए। इसके अतिरिक्त कमल वैष्णव, शिव कुमार, उत्तम यादव, आयुष सक्सेना तथा जगदीश कंवर (सदस्य, गौ सेवा आयोग विकासखंड स्तरीय समिति करतला) की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह हर्ष एवं उल्लास के वातावरण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गौधाम सोहागपुर समिति स्वर्गीय वैद्य श्री नत्थुराम कौशिक चिचोली गौशाला, विकासखंड करतला द्वारा किया गया। इस आयोजन में गौशाला के अध्यक्ष साखीराम कौशिक का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पशुधन विकास विभाग करतला के समस्त स्टाफ का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। विभाग के डॉक्टर वीरेंद्र पाल कंवर सहित एवीएफओ श्यामलाल बिंझवार, रमेश कंवर, राम सिंह कंवर, श्रीमती ललिता कंवर, वैभव जायसवाल, रघुवीर सिद्धार्थ तथा छबिलाल साहू ने कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने गौसंवर्धन और गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौधाम सोहागपुर के संचालन के लिए समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं गौसेवा से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## झोरा घाट पुल का एप्रोच रोड बनने से 20 किमी तक घटी दूरी, डामरीकरण नहीं हुआ

**कोरबा।** हसदेव नदी पर झोरा घाट पुल का 7 साल बाद एप्रोच रोड बनकर तैयार है। 15.65 करोड़ से बने पुल के लिए दोनों ओर डेढ़ किलोमीटर सड़क बनाई गई है। इसकी लंबाई बढ़ने से 1.65 करोड़ लागत भी बढ़ गई है। 480 मीटर लंबा पुल के बनने से कटघोरा, छुरी क्षेत्र के लोगों को सतरेंगा, कोसगाई, बांगो की ओर जाने 25 किमी घूमना नहीं पड़ रहा है। पहले बालको की ओर से जाना पड़ता था। इसका फायदा 15 से अधिक पंचायतों को मिलने लगा है।

## मसाहती ग्रामों के सर्वे के लिए 2 महीने की डेडलाइन

**कोरबा।** मसाहती ग्रामों का सर्वे 2 महीने के भीतर पूर्ण करने की समय सीमा तय की गई है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में तहसीलदार,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक , पटवारियों की बैठक लेकर सर्वे की समीक्षा की। उन्होंने सर्वे के बाद प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन के बाद भूंइया पोर्टल में अपलोड करने कहा है।जिले में 113 मसाहती ग्राम हैं। जिसमें से 20 ग्रामों का प्रारंभिक प्रकाशन और 13 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। 6 अन्य ग्रामों का अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया चल रही है। कलेक्टर ने कहा कि सर्वे के बाद मिहल का मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए। इस दौरान किसी भी किसान या ग्रामीण की जमीन का प्रारंभिक प्रकाशन से वंचित न रहे इसका भी ध्यान रखें।उन्होंने कहा कि शासन की उच्च प्राथमिकता वाला कार्य है । इससे भूमि विवाद, सीमांकन विवाद और रिकॉर्ड संबंधी समस्याओं का समाधान होगा।

इसलिए सर्वे का काम सही और व्यवस्थित तरीके से करें। इससे भविष्य में शासन की योजनाओं और विकास कार्यों के लिए जमीन उपयोग में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। बैठक में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज उपस्थित थे। कलेक्टर ने नशे या मादक पदार्थ से जुड़ी फसलों की खेती करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने कहा उन्होंने 25 मार्च तक राजस्व अधिकारियों की टीम को खेतों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व टीम को नियमित भ्रमण करने, फार्म हाउस या बाउंड्रीवॉल के भीतर ली जा रही फसलों की जांच करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी स्थान में इस प्रकार की फसल ली जा रही है तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## लायंस क्लब ने संचालक मंडल एवं सामान्य सभा के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गयी। बैठक कार्यवाही पश्चात् होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी लायनसाथियों द्वारा एक-दुसरे को रंग गुलाल लगाकर धूम-धाम से होली मनाया सभी को होली की शुभकामनाएं दी गयी। अंत में स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, रीजन चेयरमेन एमजेएफ लायन एस.के. अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन रोहित राजवाड़े, सचिव लायन रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष लायन शिव अग्रवाल (मार्डर्न एग्रो), लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), लायन संतोष खरे, लायन सुभाष अग्रवाल (आरपी), लायन दीपक माखीजा, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन बृजमोहन शर्मा, लायन दीपक अग्रवाल, लायन पुरुषोत्तम अग्रवाल, लायन अरबिन्द साहू, लायन सुभाष अग्रवाल बालाजी, लायन राजेन्द्र डागा, लायन मनमोहन यादव, लायन भगवती गोयनका, लायन कान्ता अग्रवाल, लायन मीना अग्रवाल, लायन रामखिलावन सिंह, लायन रमेश शर्मा की उपस्थिति रही।





## कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता ने ली बैठक संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**कोरबा ।**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा उपरांत संगठनात्मक पूर्णता एवं संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समस्त ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथों में संगठनात्मक ढांचा को यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने को लेकर एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी सूश्री जरिता लैतफ्लांग ने टी पी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश के साथ जिम्मेदारी दिया ।

बैठक को संबोधित करते हुए एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग ने कहा कि संगठन में ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी का गठन कर संगठन को मजबूती से खड़ा करना आपकी जिम्?मेदारी है । आपको बूथ तक खुद जाना होगा । उन्होंने आगे कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लॉक, मंडल एवं वार्ड के प्रमुख पदाधिकारियों को उनके निवासरत बूथ में बीएलए नियुक्त किया जाना जरूरी है । बूथ कमेटी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से गठन करना होगा, कहीं ऐसा ना हो कि बूथ कमेटी के जगह भूत कमेटी बन जाए । पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चार ब्लॉक कमेटी बनाए गए हैं, जिसमें दर्री - जमनीपाली 14 वार्ड, 60 बूथ, बालको 10 वार्ड 45 बूथ, कुसमुण्डा 6 वार्ड 20 बूथ और कोरबा 37 वार्ड 174 बूथ शामिल हैं । श्री अग्रवाल ने कोरबा ब्लॉक कमेटी को दो भागों में विभाजित करने एक ब्लॉक कमेटी बढ़ाते हुए कुल पांच ब्लॉक कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे उपस्थितजनों ने सर्वसम्मति से पारित किया है । श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कांग्रेस के विचारों को दिलोजान से मानने वाले ऐसे अनेकों हैं लोग जो पार्टी के लिए कारगर हो सकते हैं, पर उन्हें मौका नहीं मिला, उन्हें आप आगे ला सकते हैं । कोरबा कांग्रेस प्रभारी विजय केशरवानी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के सभी 90 विधानसभा में मतदान केन्द्रों (बूथ) की संख्या बढ़कर 27196 हो गया है । कोरबा विधानसभा में भी 55 मतदान केन्द्र बढ़े हैं । जो 244 से 299 हो गया है । इन बूथों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को उनके निवासरत बूथों पर बीए

## गेवरा सेंट्रल वर्कशॉप की महिला कर्मियों का सम्मान

**कोरबा ।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन ने महिला दिवस कार्यक्रम में सेंट्रल वर्कशॉप गेवरा की महिला कर्मियों का सम्मान किया। वर्कशॉप में गेवरा खदान में प्रयुक्त मशीनों के मेंटेनेंस और जरूरी सुधार कार्य से देश की ऊर्जा के लिए कोयला जरूरतें पूरी करने में योगदान दे रही महिलाओं के कार्यों की सराहना की। मशीनों के मोटर, बकेट समेत अन्य पार्ट्स का वर्कशॉप में मरम्मत की जाती है। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष रामनारायण साहू, अखिल भारतीय कोयला मज़दूर संघ की कार्यकारिणी सदस्य बीना जायसवाल, महामंत्री रमेश गुरुद्वान, जेसीसी सदस्य अरुण कुमार, प्रोजेक्ट सचिव चंद्रशेखर सिंह राठौर, केंद्रीय कर्मशाला के अध्यक्ष हमराज राव, सचिव मुकुट कर्ष समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लिया

**कोरबा ।** मिनीमाता चौक बालको में मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको ने मिनीमाता की जयंती मनाई गई। स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक व छात्रों की मौजूदगी में कल्याण शिक्षण समिति के सचिव गिरीश शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव कुर्रे, सतनामी समाज बालको के अध्यक्ष रमेश जटवार, उपाध्यक्ष मंगल घृतलहरे, सचिव संतोष बंजारे ने मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनकी सादगी व सरलता भरे जीवन पर अपने विचार रखे। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने मिनीमाता के संघर्षों को याद किया। समाज के लोगों को मिनीमाता के बताए मार्ग पर चलने प्रेरित किया।

### मुस्लिम समाज ने जगह-जगह किया इस्तिकबाल

## वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज इफ्तार पार्टी में हुए शामिल

**कोरबा** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कोरबा नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर जगह-जगह उनके इस्तिकबाल का कार्यक्रम रखा गया। डॉ. राज के साथ वक्फ बोर्ड के सदस्य फैजान सरवर खान भी उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार डॉ. राज के स्वागत का सिलसिला पंतोरा से शुरू हुआ। यहां सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष अखलाख खान के साथ ही जुम्मन खान और मुस्लिम समुदाय के अन्य लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद डॉ. राज बरमपुर पहुंचे। जहां मुस्लिम जमात के युवाओं ने उनका अलग अंदाज में इस्तिकबाल किया।

बरमपुर के बाद डॉ. राज पावर हाउस रोड स्थित जामा मस्जिद पहुंचे। यहां उन्होंने कोरबा दौरे के बारे में जानकारी देते हुए वक्फ बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों को होने वाली आय को बढ़ाते हुए इसका लाभ मुस्लिम समाज के जरूरतमंदों को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कोरबा शहर के हृदय स्थल ट्रांसपोर्ट नगर में सुन्नी मुस्लिम जमात कोरबा के द्वारा डॉ. सलीम राज का बड़े ही जोशो-ख़रोश से इस्तिकबाल किया गया। यहां डॉ. राज को लड्डुओं से तौला गया। इस मौके पर डॉ. राज ने कोरबा की मुस्लिम समुदाय का आभार जताया।

* इफ्तार पार्टी में शामिल हुए डॉ. राज

कोरबा दौरे में डॉ. राज ने कोरबा शहर की ईदगाह कब्रिस्तान कमेटी द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। मेहर वाटिका में आयोजित इफ्तार के मौके पर मंचीय कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष अखलाख खान ने बताया कि समाज के लिए एक मॉडल स्कूल खोलने की योजना है, जिसके लिए वक्फ की ओर से सहयोग की जरूरत होगी। डॉ. सलीम राज ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि शहर में एक स्कूल और मुस्लिम हॉल के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की मदद केंद्रीय और राज्य वक्फ बोर्ड की ओर से दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि अगले साल रमजान में इफ्तार के मौके पर इन भवनों का शिलान्यास भी किया जाएगा। इफ्तार कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

: जिला शिक्षा अधिकारी जिला कोरबा के निर्देश पर नशामुक्ति अभियान अंतर्गत दिनांक 14 मार्च 2026 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हृष्टछ्ष्ट कोरबा में ब्लाक कोरबा का ब्लाक स्तरीय निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें निगम क्षेत्र के 9 हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालय के कक्षा 9वीं व 11वीं के अपने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों में उत्साह का संचार किया। नशा से परिवार और समाज को बचाने में बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुकता फैलाने में बच्चे मिशाल कायम करते हैं। आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय एन सी डी सी कोरबा में ब्लाक स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सेजेस पंप हाउस के प्रियांश शर्मा व उजाला, द्वितीय स्थान पर साडा कन्या की दिव्या खुंटे और त्रिशा यादव तथा तृतीय स्थान पर पी एन श्री सेजेस बालको की आयुषी सिंह व श्रेया मिश्रा रहीं। इसीप्रकार निबंध प्रतियोगिता में सेजेस हाईस्कूल दादरखुर्द का मो.फरहात आलम प्रथम , शा हाईस्कूल बुंदेली की निधि दिवाकर तथा सेजेस एन सी डी सी की श्वेता एक्का तृतीय स्थान पर रही। सेजेस एन सी डी सी की प्राचार्य डा.अल्का फिलिप्स ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक रहीं प्राचार्य अनिता ओहरी, सनराईज स्कूल की व्याख्याता किरण सिदार संकुल समन्वयक बाल गोविन्द श्रीवास का एम आई एस प्रशासक बी पी कश्यप ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभी विद्यालय के प्रभारी शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ड्राइव . शिवाजी नगर का किया निरीक्षण

**कोरबा।** नगर निगम ने स्वच्छता के महाअभियान के तहत शनिवार को वार्ड-25 शिवाजी नगर और वार्ड-29 मुड़ापार में स्वच्छता ड्राइव चलाई। इसके तहत बस्ती की गलियों, नालियों और सड़क की सफाई की गई। निगम आयुक्त पांडेय ने वार्डो का भ्रमण कर सफाई का निरीक्षण किया। स्वच्छता अभियान के तहत नालियों के ऊपर से स्लैब हटाकर सफाई कराई गई। सड़क के किनारे जमी धूल, मिट्टी, झाड़ियों की सफाई के बाद कीटनाशक का छिड़काव किया गया। आयुक्त पांडेय ने दोनों ही वार्डों में लोगों से मुलाकात कर सफाई के संबंध में चर्चा की। उन्होंने लोगों से पूछा कि नियमित सफाई हो रही है कि नहीं। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, पेयजल से जुड़ी समस्याओं की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को वार्डों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने कहा। इसके पहले वार्ड-6 पुरानी बस्ती और वार्ड-5 टीपी नगर में भी स्वच्छता ड्राइव चलाई गई थी। इस दौरान रानी रोड, केएन कॉलेज, ठाकुर घाट गली विश्वनाथ मंदिर के पास सौंदर्यीकरण के साथ ही विशेष साफ-सफाई कराई गई। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा के साथ ही सफाई से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोरबा-पश्चिम की मेजबानी में अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा-पश्चिम की मेजबानी में आयोजित की जा रही है। हसदेव खेल परिसर स्थित कबड्डी ग्राउंड पर मुख्य अभियंता एच.के. सिंह की अध्यक्षता में खेल का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर खिलाड़यों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ मैदान पर उतरें और खेल का आनंद लें। इनॉग्रेशन मैच एचटीपीएस कोरबा पश्चिम व एबीवीटीपीएस मड़वा के बीच खेला गया। दूसरा मैच रायपुर रीजन और रायपुर सेंट्रल के बीच हुआ। स्पर्धा में पॉवर कंपनीज की सात रीजन की टीम हिस्सा ले रही हैं। इनमें बिलासपुर रीजन, एचटीपीएस कोरबा-पश्चिम, रायपुर रीजन, रायपुर सेंट्रल, एबीटीपीएस मड़वा, जगदलपुर रीजन और दुर्ग रीजन शामिल हैं। पिछले वर्ष कबड्डी स्पर्धा का आयोजन जगदलपुर में किया गया था।

# 6 साल के मासूम को पिता ने नहर में डूबाकर मारा,गिरफ्तार

## साइकिल से गिरने का बनाया बहाना, मारपीट से परेशान पत्नी 2 बेटियों संग घर छोड़कर गई

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पिता ने अपने 6 साल के बेटे को नहर में डुबोकर मार डाला। पिता शराब पीने का आदी था। इसी बात को लेकर पत्नी से विवाद होता रहता था। 2 बेटियों को लेकर पत्नी मायके चली गई थी। बेटा पिता के पास था।

गुस्से में गत शुक्रवार की शाम आरोपी बेटे को अपने साथ ले गया। कुछ घंटों बाद वह बेटे आयुष का मृत शरीर लेकर वापस भिलौनी पहुंचा। उसने बताया कि नशे के कारण वह बेटे के साथ साइकिल समेत नहर में गिर गया था। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी पिता रेशम यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी रेशम यादव की शादी साल 2018 में हुई थी और उनके 3 बच्चे हैं। पारिवारिक विवाद और मारपीट के कारण पत्नी अपनी 2 बेटियों को लेकर मायके ग्राम भिलौनी चली गई थी, जबकि बेटा आयुष आरोपी के पास ही था।



जानकारी के मुताबिक आरोपी अक्सर पत्नी को फोन कर धमकी देता था कि वह पहले बेटे को मार देगा और फिर खुद भी जान दे देगा। 13 मार्च की शाम वह बेटे आयुष को लेकर निकला और 14 मार्च की रात लगभग 1 बजे ग्राम भिलौनी के आवास पारा नहर में उसे डुबोकर मार डाला। रात करीब 2 बजे आरोपी पत्नी के घर पहुंचा और खुद ही बेटे की हत्या करने की बात बताई।

**शराब की वजह से होता था विवाद**

पुलिस के अनुसार रेशम यादव और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पत्नी ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है और अक्सर गाली-गलौज और मारपीट करता था। इसी से तंग आकर वह अपने 2 बच्चों के साथ मायके भिलौनी में रहने लगी थी। रेशम यादव इस बात से नाराज था और पत्नी को भी जान से मारने की धमकी देता था।थाना प्रभारी पामगढ़ सावन सारथी ने कहा कि सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने पहले नशे में होने और साइकिल नहर में गिरने से आयुष की मौत होने की बात कही।

हालांकि, कड़ाई से पूछताछ करने पर रेशम यादव ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि पत्नी के घर वापस न आने से वह गुस्से में था। उसने आयुष को नहर के पानी में डुबोकर मार डाला और फिर शव को ससुराल भिलौनी ले आया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## क्लिंकर से भरा ट्रेलर सड़क किनारे पलटा नशे में धुत था चालक, मची अफरा-तफरी

**जांजगीर चांपा** जिले में शनिवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। क्ष्ड्ढद्यद्दड्डद्धश्चद्बद्ध-शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर क्लिंकर से भरा एक ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर तेज रफ्तार में था और चालक लाल सिंह यादव नशे की हालत में वाहन चला रहा था। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रेलर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के समय ट्रेलर में मौजूद खलासी भी अंदर फंस गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। दुर्घटना में चालक और खलासी दोनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए Community Health Centre Pamgarh में भर्ती कराया गया है।

## कभी डर का साया, आज विकास की राह पर जगरगुंडा

**सुकमा।** शासन की योजनाओं का प्रभाव अब सुदूर और नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। ग्राम जगरगुंडा की निवासी श्रीमती राधा इसका एक प्रेरक उदाहरण हैं, जिनके जीवन में सरकारी योजनाओं ने सकारात्मक बदलाव लाया है।कभी घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले जगरगुंडा में अब विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है। आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए राधा ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक से 25 हजार रुपये का ऋण लिया है, जिसका उपयोग उन्होंने घरेलू आवश्यकताओं और छोटे कार्यों के लिए किया है।

## छात्रावास से गायब बच्चा ट्रेन पकड़कर पहुंचा विशाखापट्टनम, जानकारी मिलने पर परिजन हुए रवाना

**जांजगीर चांपा।** जिला मुख्यालय के भाटापारा क्षेत्र में एक 12 वर्षीय छात्र बुधवार को छात्रावास से गायब हो गया था। छात्रावास प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। बच्चा अंततः विशाखापट्टनम में अपने भाई के पास सुरक्षित मिला। इधर परिजन व छात्रावास प्रबंधन की चिंता बढ़ गई थी। लगातार आसपास खोजबीन में जुटे गए है। जानकारी मिलते ही राहत की सांस ली है।

शहर के भाठापारा स्थित एक बालक छात्रावास में 6वीं अध्ययनरत 12 वर्षीय छात्र बुधवार की सुबह को छात्रावास से फरार हो गया। छात्रावास प्रबंधन की शिकायत के बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, इसके बाद छात्र दूसरे दिन विशाखापट्टनम में अपने भाई के साथ सकुशल मिला। इस घटना से छात्रावास प्रबंधन ने राहत की सांस ली।

छात्रावास अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि अकलतरा ब्लॉक के पड़रिया के छात्र रामदिन पटेल (12) छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता है। मंगलवार की रात सभी के साथ में भोजन किया। इसके बाद वह सो गया। सुबह से ही अचानक गायब हो गया। पहले अपने स्तर पर आसपास खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजन भी तत्काल पहुंचे। अपने 12 वर्षीय पुत्र को गायब ही सूचना पाकर परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल रहा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने भी प्रकरण दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। देर शाम तक छात्रावास प्रबंधन व परिजन आसपास तलाश कर रहे थे। लेकिन बच्चा का कहीं कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार की दोपहर में पता चला कि बच्चा विशाखापट्टनम अपने बड़े भाई के पास पहुंच गया है। उसका बड़ा भाई विशाखापट्टनम में काम करता है। एक-दो बार उसको लिंक एक्सप्रेंस में आते जाते देखा था। इसी का फायदा उठाते हुए बैग लेकर छात्रावास निकला और ट्रेन में शाम को बैठा और पहुंच गया। इसकी जानकारी रामदीन के बड़े भाई ने परिजनों को दी। तब जाकर परिजन व छात्रावास प्रबंधन ने राहत की सांस ली है।

**परिजन अपने बच्चे को लेने हुए रवाना**

रामदिन का माता-पिता अपने बच्चा को लेने के लिए विशाखापट्टनम रवाना हो गए है। उसके आते ही अन्य डिटेल पता चल सकेगा। फिलहाल वह डरा हुआ है, ज्यादा बात नहीं हो सका। परिजनों के मुताबिक, पहली बार उसका 12 वर्षीय पुत्र बिना बताए अकेले बाहर गया है।

## मूल्यांकन में गड़बड़ी, सब इंजीनियर निलंबित

**सक्ती।** जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने निर्माण कार्यों के मूल्यांकन में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता धनंजय सिंह चन्द्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग जैजैपुर के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के मूल्यांकन की जांच के संबंध में पत्राचार किया गया था। इसके बाद प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विकास आयुक्त कार्यालय के माध्यम से ग्राम पंचायत खजुरानी में पटेल गौटिया के घर से महामाया चौक तक सीसी रोड निर्माण सहित अन्य कार्यों की जांच का प्रकरण प्राप्त हुआ। इस पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सक्ती ने जांच दल का गठन किया।

जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि उप अभियंता धनंजय सिंह चन्द्रा ने पांच निर्माण कार्यों का मूल्यांकन बिना कार्य पूर्ण हुए ही प्रस्तुत कर दिया था। बाद में संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा इन कार्यों को पूरा कराया गया। मामले में कार्रवाई की गई है।

## शहर के डिवाइडर में अनियमित कट से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी

**जांजगीर।** मुख्य सड़कों पर बने डिवाइडरों में जगह-जगह कटअप होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। कई प्रमुख मार्गों पर डिवाइडर को बीच में काटकर अनधिकृत कट बना दिए गए हैं। इन कटअप की वजह से वाहन चालक अचानक यू-टर्न लेते हैं, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के बीच टकराव की स्थिति बन जाती है। राहगीरों को भी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर के अलग-अलग मार्गों पर डिवाइडरों की ऊंचाई और आकार भी अलग है। कहीं डिवाइडर बहुत छोटी है, तो कहीं काफी चौड़ी, जिससे रात के समय हादसों की आशंका बढ़ जाती है। कई वाहन चालक बिना संकेत दिए अचानक मुड़ जाते हैं और पीछे से आ रहे वाहन चालक संभल नहीं पाते। इन कटअप पर संकेतक, रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अनधिकृत कटअप को तुरंत बंद किया जाए और उचित स्थानों पर ही यू-टर्न की व्यवस्था बनाई जाए।

## नशीली कैप्सूल के अवैध कारोबार का खुलासा: दो और आरोपी गिरफ्तार, 880 कैप्सूल जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में नशीली कैप्सूल के अवैध कारोबार के मामले में चांपा पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 880 नशीली कैप्सूल जब्त की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 8200 रुपये है। इन आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले भी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। यह कार्रवाई अवैध नशीली दवाओं की सप्लाई चेन की एंड-टू-एंड विवेचना के तहत की गई। मामले की शुरुआत 10 फरवरी 2026 को हुई थी, जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति कोरबा से कोसमंदा गांव की ओर नशीली कैप्सूल लेकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने कोसमंदा रोड पर घेराबंदी की।

जांच के दौरान पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार रामकिशोर कश्यप और प्रदीप पटेल को रोका गया। तलाशी में उनके पास से 469 स्ट्रिप में कुल 3752 नशीली कैप्सूल मिलीं, जिनकी कीमत लगभग 34,813 रुपये थी। पुलिस ने मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और 200 रुपये नकद भी जब्त किए थे। दोनों आरोपियों को उसी समय गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में मामले की आगे की जांच की जा रही थी। एंड-टू-एंड विवेचना के दौरान इस अवैध कारोबार से जुड़े दो अन्य आरोपियों की पहचान हुई।

पुलिस ने कोरबा जिले से प्रकाश चौहान (32 वर्ष), निवासी जेपी कॉलोनी रामनगर, और सुनील विश्वकर्मा उर्फ शिबू (27 वर्ष), निवासी रामसागर पारा, वार्ड नंबर 2 को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने नशीली कैप्सूल के अवैध कारोबार में शामिल होना माना है । उन्हें भी न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## LPG ऑफिस में डिलीवरी बॉय को लात-घूंसों से पीटा...

**रायगढ़।** जिले में LPG गैस ऑफिस में घुसकर युवक ने डिलीवरी बॉय की पिटाई कर दी। दरअसल, डिलीवरी बॉय की बाइक सवार के साथ साइड देने को लेकर मामूली कहासुनी हो गई।

विवाद के बाद डिलीवरी बॉय जब ऑफिस पहुंचा, तो वही बाइक सवार उसका पीछा कर ऑफिस में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। पीड़ित राजा अग्रवाल प्रियदर्शनी एचपी गैस ऑफिस में डिलीवरी बॉय का काम करता है। राजा अग्रवाल 11 मार्च की सुबह करीब 10.30 बजे अपने ऑटो से गैस की होम डिलीवरी करने दुर्गा मंदिर के सामने बोईरदादर रोड में जा रहा था।रास्ते में सुभाष चौक के पास एक बाइक सवार युवक से साइड देने को लेकर उनकी मामूली बहस हो गई। इसके बाद राजा अपने काम के लिए गैस ऑफिस पहुंचा। लेकिन बाइक सवार डिलीवरी बॉय का पीछा करते हुए ऑफिस तक पहुंच गया।युवक गुस्से में ऑफिस के अंदर आकर वहां के स्टाफ से डिलीवरी बॉय की शिकायत कर रहा था। इसी दौरान ऑफिस के अंदर से डिलीवरी बॉय को आता देख युवक भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए उसे एक तमाचा जड़ दिया।डिलीवरी बॉय के विरोध करने पर दोनों के बीच जमकर हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर मौजूद गैस ऑफिस के कर्मचारी ने बीच-बचाव कर मामला शांत किया।लेकिन युवक एक बार फिर ऑफिस के अंदर घुस गया और डिलीवरी बॉय से मारपीट करने लगा। इस दौरान युवक धमकाते हुए बोला, मेरे खिलाफ शिकायत कर दो, मेरा नाम रिहान खान है, कोई कुछ नहीं कर पाएगा।इसके बाद डिलीवरी बॉय ने चक्रधरनगर थाने में युवक खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच कर आरोपी रिहान खान को जिला पंचायत के पीछे छोटे अतरमुड़ा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि मारपीट करने वाले युवक का नाम रिहान खान (23 साल) और वो जिला पंचायत के पीछे छोटा अतरमुड़ा का रहने वाला है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में अपराध दर्ज किया गया और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सस्ते सोने का लालच देकर 10 लाख की ठगी, पति-पत्नी गिरफ्तार

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।** जिले के गौरेला थाना क्षेत्र में सस्ते दाम पर सोना देने का झांसा देकर 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के निवासी उमेद साहू ने 5 दिसंबर 2025 को गौरेला थाने में चार लोगों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने उससे संपर्क कर कहा कि कारीआम गांव के पास तालाब की खुदाई के दौरान काफी मात्रा में सोना मिला है और वे उसे कम कीमत में बेचने को तैयार हैं। आरोपियों ने विश्वास दिलाने के लिए नकली सोने को असली बताकर दिखाया और कम दाम में देने का लालच दिया। उनकी बातों में आकर पीड़ित ने 10 लाख रुपये नकद दे दिए और बदले में सोना ले लिया। बाद में जब उसने सोने की जांच कराई तो पता चला कि वह पूरी तरह नकली है।

## नाली की ऊंचाई को लेकर हुई बैठक रही असफल, लोगों ने कहा- चक्काजाम करेंगे

**राजपुर।** नगर में एनएच द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण की ऊंचाई को लेकर हुई बैठक एक बार फिर असफल साबित हुई। बैठक में विभाग के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचे, जिससे नगरवासियों में आक्रोश फैल गया। नगरवासी अब एनएच 343 में चक्काजाम करने की तैयारी में है।

राजपुर नगर में बन रहे नाली की ऊंचाई को लेकर नगरवासियों और सरगुजा सांसद क्षेत्रीय विधायक सहित एनएच के अधिकारियों के साथ कई बार बैठक की गई पर नतीजा कुछ नहीं निकला। आज भी नगरवासियों ने नाली की ऊंचाई को लेकर स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक आहुत की। बैठक में एनएच के अधिकारी या ऐसे कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचे, जो नगरवासियों को इस बात का भरोसा दे सकें कि नाली की ऊंचाई को कम किया जा सके। बैठक में पहुंचे एनएच के टीम लीडर अनिल सिंह ने यह साफ कहा कि नगरवासियों को दिल्ली मंत्रालय जाकर नाली की ऊंचाई के संबंध में बात करनी होगी, तभी कुछ हो पाएगा अन्यथा जैसा डीपीआर में है, वैसा बनेगा।

नाली ऊंचाई को कम करने कोई हल नहीं निलकता देख नगरवासी भड़क गए, जिसके बाद उन्होंने राजपुर एसडीएम के नाम नाली निर्माण की अधिक ऊंचाई के विरोध में चक्काजाम करने ज्ञापन सौंपा। नगरवासियों ने सात बिंदुओं को लेकर राजपुर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंप चेतावनी दी है। यदि नगरवासियों के मंशानुरूप नाली की ऊंचाई को कम नहीं किया गया तो आंदोलन कर एनएच 343 पर चक्काजाम करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, प्रवीण अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, राकेश अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, छोटन गुप्ता, बंटी अम्बष्ट, रजत केशरी, सतेन्द्र अग्रवाल, शुभम सोनी, अभिषेक जायसवाल, भीम बंसल, संजय सोनी, पूरन चंद जायसवाल, सुरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा संगठनात्मक पार्टी है, सभी मोर्चों की महत्वपूर्ण भूमिका: चौधरी

**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा ने विधायक निवास में सभी मोर्चा के पदाधिकारियों के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भाजपा के किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव ने की। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन व परिचय आयोजित किया, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि मुन्नालाल चौधरी ने कहा कि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है, जहां सभी मोर्चों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी मिलजुलकर कार्य करें और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं, जिससे आने वाले चुनावों में पार्टी को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री संतोष तिवारी ने किया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिल दुबे, गोपाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष कैलास अग्रवाल, जिला सदस्य रवि प्रताप मरावी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री अनिल गुप्ता, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, पंकज गुप्ता, राजा सिंह, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, महामंत्री गौरव सिंह सहित सत्येंद्र यादव, बरकत अंसारी, सुरेश टोप्पो, ऋषि सोनीमोनिका कुजूर आदि मौजूद रहे।

## 14 किलो गांजा जब्त नाबालिग को दबोचा

**अंबिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने स्कार्पियो वाहन से 14 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में नाबालिग को दबोचा है, जबकि उसके 4 साथी पुलिस को चकमा देकर भाग गए। गांजे के बारे में पुलिस को 14 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली थी।

बासबाड़ी रोड पर काले कलर की स्कार्पियो में कुछ युवक गांजा रख बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख वाहन में सवार चार युवक बासबाड़ी का घेरा फांदकर जंगल की ओर भाग गए। पुलिस ने मौके से नाबालिग को धरदबोचा। स्कार्पियो की तलाशी लेने पर पीछे की सीट के बीच रखे प्लास्टिक बोरे से 14 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 2.80 लाख आंकी गई है। साथ ही स्कार्पियो वाहन सीजी 30 एफ 8689 और मोबाइल समेत कुल 12.80 लाख का सामान जब्त किया।

## युवक के आत्महत्या का खुला राज: पुलिस नहीं, फर्जी पुलिस बनकर दी गई थी धमकी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक युवक की आत्महत्या का मामला सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद चर्चा में आ गया था।

वीडियो में मृतक ने जांजगीर पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस जांच में सामने आया कि युवक को धमकाने वाला कोई पुलिसकर्मी नहीं बल्कि उसके रूममेट की प्रेमिका का भाई था, जिसने खुद को पुलिस बताकर फोन पर धमकी दी थी। इसी मानसिक दबाव में युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सनत कुमार कश्यप (25 वर्ष) पिता धनीराम कश्यप, निवासी चोरभट्टी थाना मुलमला जिला जांजगीर-चांपा के रूप में हुई है। वह वर्तमान में अशोक लीलैंड वर्कशॉप, ग्राम पताढ़ी थाना उरगा में रह रहा था। 13 मार्च 2026 को उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उसने दावा किया था कि बलौदा थाना क्षेत्र की पंतोरा चौकी से फोन कर उसे गाली-गलौज कर प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते वह आत्महत्या कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी रामगोपाल गर्ग ने एसपी विजय पांडे को जांच के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि मामला पुलिस प्रताड़ना का नहीं बल्कि आपसी विवाद से जुड़ा है।

## नौतनवा एक्स. को मैहर स्टेशन पर मिला ठहराव

**जांजगीर।** नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को जबलपुर मंडल के मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव दिया है। यह व्यवस्था 18 मार्च से 29 मार्च तक लागू रहेगी। इससे मां शारदा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

# रायगढ़ में 2 हाथी शावकों की मौत:वन्यजीव बोर्ड सदस्य बोले- लापरवाही पर कार्रवाई होनी चाहिए, दिल्ली में होगी शिकायत

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के घरघोड़ा रेंज में दो हाथी शावकों की मौत हो गई। दोनों के शव कुरकुट नदी में मिले हैं। शव करीब 3-4 दिन पुराना बताया जा रहा है, जिस पर छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गोपाल अग्रवाल का कहना है कि इस लापरवाही पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसकी शिकायत दिल्ली में की जाएगी।

इससे पहले युवा कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष उस्मान बेग ने भी कलेक्टर और डीएफओ को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की थी। दरअसल, वन विभाग को घटना की जानकारी बुधवार को मिली। जांच में सामने आया कि दोनों हाथियों की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है।

मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन लापरवाही बरतने वाले वनकर्मियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया जा रहा है कि शव कई दिनों तक नदी में पड़े रहे, फिर भी संबंधित वनकर्मियों को इसकी जानकारी नहीं हुई। बाद में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद वन अमला मौके पर पहुंचा।



छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गोपाल अग्रवाल ने कहा कि इस मामले में लापरवाही करने वाले वनकर्मियों पर कार्रवाई होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत दिल्ली में आइजीपीएफ से की जाएगी।

गोपाल अग्रवाल ने कहा कि करंट लगने से लगातार वन्यजीवों की मौत हो रही है। इस मुद्दे पर वन्यजीव बोर्ड की बैठक में भी चर्चा हुई थी, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। जंगल क्षेत्रों में निगरानी कमजोर है।

इसी कारण शिकारी करंट का उपयोग कर वन्यजीवों का शिकार करने में सफल हो रहे हैं। नियमित जंगल भ्रमण नहीं हो रहा है, साथ ही अधिकारियों की मॉनिटरिंग भी कमजोर है। इससे वन्यजीवों के साथ इंसानों की जान भी खतरे में पड़ रही है।

युवा कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष उस्मान बेग ने भी कलेक्टर और डीएफओ को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की थी।

युवा कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष उस्मान बेग ने भी कलेक्टर और डीएफओ को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की थी।

घरघोड़ा प्रभारी रेंजर विक्रांत कुमार ने बताया कि यह मामला छर्राटांगर सर्किल का है। वहां बीटगार्ड मुकेश राठिया और एक प्रशिक्षु आरओ पहले पदस्थ रहे हैं। प्रशिक्षु आरओ का कुछ दिन पहले दूसरे स्थान पर स्थानांतरण हो चुका है।

प्रभारी रेंजर ने कहा कि डॉक्टर के बताए अनुसार हाथी का शव 3/4 दिन पुराना हो सकता है और कुछ अंग लिक्विफाइड हो गए थे, इसलिए सैंपल लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले अक्टूबर 2024 में तमनार रेंज के समारुमा सर्किल के कचकोबा परिसर के चूहकीमार नर्सरी क्षेत्र में तीन हाथियों की मौत हुई थी। जांच में बीटगार्ड की लापरवाही सामने आई थी।

इसके बाद तत्कालीन डीएफओ स्टाइलों मंडावी ने परिसर रक्षक सन्यासी सिदार को निलंबित कर दिया था। समारुमा सर्किल प्रभारी के निलंबन के लिए सीसीएफ बिलासपुर को अनुशंसा भेजी गई थी, जिसके बाद उसे भी सस्पेंड किया गया था।

## अनमोल वचन......

हर दिन एक नई शुरुआत होती है, इसे खास बनाएं।

# सोच प्रतिबिंबित हुई

*मार्क कार्नी की सोच है कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा में उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मार्क कार्नी की भारत यात्रा का सार है कि नए हालात के बीच भारत और कनाडा ने अपने रिश्तों में फंसे कांटे को निकाल कर आगे की दिशा तय की है। कनाडा के प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान तीन प्रमुख फैसले हुए। इसके तहत कनाडा 2.6 बिलियन डॉलर के यूरेनियम की आपूर्ति करने पर राजी हुआ है, दोनों देशों ने इस वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक सहभागिता समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है, और उन्होंने 2030 तक आपसी व्यापार को (पिछले साल के 23 बिलियन डॉलर से बढ़ा कर) 30 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है।*

*जिस दौर में व्यापार की पुरानी व्यवस्थाएं टूट चुकी हैं, दोनों देशों का अपने संबंध के व्यापारिक पहलुओं पर इस तरह ध्यान केंद्रित करना लाजिमी ही है। इसके पहले मार्क कार्नी अपनी यह सोच सामने रख चुके हैं कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, तब मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा के दौरान उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मगर ऐसे संकेत भी मिले कि कांटा निकलने के बावजूद उसके हुआ जख्म अभी पूरी तरह भरा नहीं है। कार्नी की यात्रा के दौरान ही कनाडा की खुफिया एजेंसियों ने सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के कथित हाथ से संबंधित सूचनाएं फिर मीडिया को लीक कीं। उधर ये खबर भी चर्चित हुई कि कनाडा के नागरिक एक अन्य सिख चरमपंथी को उसकी जान का खतरा होने को लेकर आगाह किया गया है। इन खबरों को लेकर कनाडाई खुफिया एजेंसी के इरादों पर कूटनीतिक हलकों में कयास लगते रहे। सवाल उठा कि क्या कनाडा के सरकारी दायरे में कुछ ताकतें भारत से अपने देश के सुधरते संबंध को लेकर खुश नहीं हैं। जिस समय भारत और कनाडा ने पुरानी बातों को भूल कर आगे बढ़ने का फैसला किया है, दोनों देशों की सरकारों को ऐसी कोशिशों से सावधान रहना होगा। उन्हें दोनों देशों को जोड़ने वाले पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिनमें भारतीय प्रवासी एक महत्त्वूपूर्ण कड़ी हैं।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका भाग्य पूरे दिन आपके साथ रहने वाला है। आज सभी कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन बनी रहेगी, लेकिन किसी के साथ बातें शेयर करने से सब ठीक हो जायेगा। आज आप अपने बिजनेस के लिए नई योजनाएं बनायेंगे।

**वृष राशि:** आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। साथ ही घर पर धार्मिक कार्यक्रम करने का मन बनायेंगे। आज लोगों को प्रसन्न करने के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। घर परिवार में खुशियों का आगमन होगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा।

**मिथुन राशि:** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। राजनीति में आप सक्रीय भूमिका निभाएंगें, जिससे लोग आपकी तारीफ करेंगे। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेंगे। पेंटिंग करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपकी कला की तारीफ होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर आयेगा।

**कर्क राशि:** आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। सोशल मिडिया पर आज आपके नए-नए दोस्त बनेंगे। आज जीवनसाथी के साथ घरेलू चीजों को खरीदने का प्लान बनायेंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार के लिए आज आप किसी बड़े ग्रुप से डील करने में कामयाब होंगे। अगर आप नयी जमीन खरीदना चाहते है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**सिंह राशि:** आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप काम करेगें तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अन्दरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज आपके व्यवहार को लेकर पड़ोसी आपकी तारीफ करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या राशि :** आज आप धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए परिवार वालों से राय ले सकते है। घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। लवमेट के साथ कही घूमने जायेंगे, रिश्ते में और मिठास आयेगा। आज आपके व्यापार में दो-गुना वृद्धि होने के योग बने हुये है। आज आपको अपने पिता से अच्छा सरप्राइज मिलेगा।

**तुला राशि:** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्या का समाधान निकलेगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने की वजह से आज आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके साथ काम करने का प्रपोजल आयेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा, थोड़ी और मेहनत करने से सफलता जल्द ही कदम चूमेगी। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। आज पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।सामाजिक कार्यों को लेकर आपके आस-पास के लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**मकर राशि:** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नौकरी में बदलाव करने का मन बनायेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए जॉब के अच्छे अवसर सामने आएंगे। आप अपने रूटीन में साकारात्मक बदलाव करेंगे तो निश्चित तौर पर आपके रूप-रंग को आकर्षित बनाएगा। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं। लोगों को दिए पैसे आज आपको वापस मिलेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। माता-पिता का आर्शीवाद आपको मंजिल तर पहुंचाने में मदद करेगा। आज लोगों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आर्थिक पक्ष पहले से काफी बढ़िया रहेगा। व्यापारियों के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के विवाहित लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रूचि बढ़ेगी।

**मीन राशि:** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज नए दोस्त बनाने से पहले उनके बारे में पूरी जानकारी कर लें, तभी दोस्ती का हाथ बढ़ाये। इस राशि के आविवाहित लोगों के विवाह की बात होगी। आज घरेलू उपयोग का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। आज किसी अन्य पर भरोसा न करें। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नयी योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा।

# ईरान हार कर भी जीत जाएगा

//पंकज शर्मा//

**युद्ध तीन हफ़्ते चले या तीन महीने, जब ख़त्म होगा तो ईरान अगर हारा तो हार कर भी जीत जाएगा और इज़राइल-अमेरिका जीते भी तो जीत कर हार जाएंगे। इस युद्ध का नतीजा कुछ भी निकले, एक बात तय है कि इस के बाद किसी भी देश पर आक्रमण करने की हिम्मत अमेरिका बरसों-बरस नहीं करेगा। दुनिया भर को हर वक़्त अपनी धौंसबाज़ी के तेवर दिखाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरान से उलझने के बाद भीतर से इतने भयभीत हो गए हैं कि अंडे के आकार वाले अपने दफ़्तर में आसपास खड़े पादरियों के साथ थरथर मुद्रा में बैठे पूजा-पाठ कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों से चुनींदा पादरियों को ओवल ऑफिस बुलाया। पादरियों ने अपने हाथ ट्रंप के बदन पर रखे और प्रार्थना की कि 'इस चुनौतीपूर्ण दौर में' उन्हें 'अलौकिक मार्गदर्षन' और 'बुद्धमत्ता' हासिल हो। अमेरिकी सेना की हिफ़ाज़त के लिए भी पादरियों ने विशेष आराधना की। ट्रंप अर्चना-वंदना की पूरी अवधि में अपनी कुर्सी पर सिर झुका कर बैठे रहे और मन-ही-मन कुछ बुदबुदाते रहे।**

इस पूजन के मुख्य पादरी टॉम मुलिन्स थे। वे दक्षिण फ्लोरिडा के क्राइस्ट फैलोशिप चर्च के संस्थापक हैं। पादरी बनने के पहले वे फुटबॉल-कोच थे। पॉम बीच गार्डन्स में रहते हैं। ट्रंप का मूल निवास मार-ए-लागो रिसॉर्ट क्लब भी पॉम बीच गार्डन्स में ही है। पूजा-पाठ के बारे में मुलिन्स ने बताया है कि हम ने परमपिता से प्रार्थना की है कि वे ट्रंप के दिलो-दिमाग को इस मौक़े पर विवेक-बुद्धि से ओतप्रोत रखें। हम ने देवलोक से यह अनुरोध भी किया है कि वह अमेरिकी सेना की रक्षा करे।

लक्षण साफ हैं। ट्रंप बाहर से दहाड़ रहे हैं, मगर अंदर-ही-अंदर खुद की मिमियाहट खुद ही सुन रहे हैं। उन्हें अहसास हो गया है कि ईरान के मामले में वे बुरी तरह फंस गए हैं। ईरान को ले कर उन का आकलन ग़लत निकल गया है। तबाह होते ईरान ने इज़राइल को भी बर्बाद करने में कोई कसर बाक़ी नहीं रखी है। अरब और खाड़ी के मुल्क़ों में जितने भी अमेरिकी सैन्य अड्डे थे, उन्हें ईरान ने तक़रीबन ध्वस्त कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन को ईरान की तरफ़ से इतने असरदार प्रतिकार का अंदाज़ नहीं था। सो, अब ट्रंप को लग रहा है कि उन्होंने इज़राइली प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू के चक्कर में अच्छी-ख़ासी मुसीबत मोल ले ली है। ईरान-प्रसंग में अमेरिका दुनिया में अकेला-सा पड़ गया है और ट्रंप अमेरिका में अकेले पड़ गए हैं। अमेरिकी संसद से ले कर वहां की सड़कों तक पर ट्रंप विरोधी माहौल है। उन्हें अमेरिका को नाहक एक परेशानी में फंसाने के लिए ज़िम्मेदार माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ भी ईरान युद्ध की बेहद सख़्ती से निंदा कर चुका है। ज़्यादातर देश ईरान पर हमले को अनुचित बता चुके हैं। इन में वे देश भी शामिल हैं, जो आमतौर पर अमेरिका के हमजोली और हमसफ़र माने जाते हैं। ज़ाहिर है कि इस सब ने ट्रंप के आत्मविश्वास को भीतर से बुरी तरह हिला दिया है और वे पालनहारे की शरण में चले गए हैं। 'तेरे बिन हमरा कौनो नाहीं' की यह मनोदशा किन परिस्थितियों में व्यक्ति का आलिंगन करती है, आप जानते ही हैं। युद्ध तीन हफ़्ते चले या तीन महीने, जब ख़त्म होगा तो ईरान अगर हारा तो हार कर भी जीत जाएगा और इज़राइल-अमेरिका जीते भी तो जीत कर हार जाएंगे। इस युद्ध का नतीजा कुछ भी निकले, एक बात तय है कि इस के बाद किसी भी देश पर आक्रमण करने की हिम्मत अमेरिका बरसों-बरस नहीं करेगा। ईरान युद्ध से दुनिया भर में उस की दादागीरी का, उस की धौंसपट्टी का, उस की लुच्चागिरी का अंतिम अध्याय लिखा जा रहा है। यह युद्ध ट्रंप की व्यक्तिगत राजनीतिक यात्रा पर भी पूर्ण विराम लगाने वाला साबित होगा।

ईरान युद्ध से किस-किस की अर्थव्यवस्था पर क्या-क्या असर पड़ेगा, इस का विश्लेषण अलग-अलग विशेषज्ञ हर रोज़ कर रहे हैं। युद्ध के नफ़ा-नुक़सान पर 'जाकी रही भावना जैसी' के आवरण से झांकती टिप्पणियां हम आजकल दिन-रात सुन-पढ़ रहे हैं। इस युद्ध से पूरी दुनिया पर होने वाले तरह-तरह के प्रभावों को हम आने वाले दिनों में देखेंगे-भुगतेंगे। मगर जो सब से बड़ा और तक़रीबन अमिट असर यह युद्ध छोड़ कर जाएगा, वह यह होगा कि दशकों-दशक लोग यह याद करेंगे कि, अमेरिका और इज़राइल तो छोड़िए, किस तरह अपने-अपने स्वार्थ साधने की हवस में किन-किन मुल्क़ों ने नैतिकता और न्याय के सिद्धांतों को उठा कर ताक पर रख दिया था। अर्थवान लोग कभी नहीं भूलेंगे कि कैसे, जब शांति वार्ताएं जारी थीं और चौबीस घंटे बाद एक समझौते पर दस्तखत करने के आसार पूरी तरह बन गए थे, तब अमेरिकी बघर्रे ने ईरानी मेमने पर खराब हो गई अपनी नीयत को एकदम नंगा कर दिया और कौन-कौन फिर भी तमाशबीन बना रहा। कैसे, जब तमाम अंतरराष्ट्रीय नियम-परंपराओं को लात मार कर किनारे कर देने के बाद एक सार्वभौम मुल्क़ के सर्वोच्च नेता की हत्या कर दी गई तो किन-किन की ज़ुबान से अफ़सोस के दो लफ़्ज़ भी नहीं निकले। कैसे जब भारत का मेहमान बन कर आए हथियारविहीन ईरानी युद्धपोत को अपने घर वापस जाते वक़्त अमेरिकी पनडुब्बी ने हिंद महासागर में टारपीडो से ध्वस्त कर दिया तो, बाकी तो छोड़िए, मेज़बान तक की ज़बान भी ख़ामोश ही बनी रही।

लोग याद करेंगे कि एक ऐसा भी वक़्त था, जब पांच-छह हज़ार बरस पुरानी सभ्यता को अपने में समाए एक मुल्क़ के अनीतिपूर्ण विध्वंस पर, उतनी ही पुरानी सभ्यता की विरासत वाले एक देश में ऐसे लोग भी मौजूद थे, जिन की खुषी का कोई ठिकाना नहीं था। वे इस बर्बादी का ज़श्न मना रहे थे। कौन भूलेगा कि विश्व राजनय के मूल्यों, परंपराओं और पवित्रता का जब पूरी निर्लज्जता से चीरहरण हो रहा था तो यह दृश्य देख कर भी किस-किस की पराक्रमी छाती सिकुड़ कर चूं-चूं बन गई थी।

मुझे तो अच्छी तरह याद है। आप को भी याद है न कि जब अलगू चौधरी अपने दोस्त जुम्मन शेख के ख़िलाफ़ फ़ैसला देने से हिचकिचा रहा था तो खाला जान ने उस से क्या सवाल किया था। खाला जान ने पूछा था, 'क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे।' प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्वर में खाला जान का यह प्रश्न इतिहास का सब से मार्मिक प्रश्न है। यही प्रश्न आज मुझे अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सिर पर मंडराता दिख रहा है। यही प्रश्न मुझे अपने चौथे स्तंभ के पीछे से झांकता दिखाई दे रहा है कि बिगाड़ के डर से क्या ईमान की बात न कहोगे।

इस सवाल को परे धकेलने वाले आने वाली पीढ़ियों के गुनाहगार होंगे। हमारी भावी नस्लें उन पर इसलिए शर्म करेंगी कि एक समय ऐसा भी आया था कि अन्याय का प्रतिकार गौतम और गांधी के जिस देश की जन्मघुट्टी में था, उस के तत्कालीन कर्णधार अपने गुदगुदे गद्दों की लिप्सा में अपने फ़र्ज़ निभाना भूल गए थे। भारत का भविष्य नज़रें उठा कर जी सके, ऐसा कुछ करने में अभी भी शायद बहुत देर नहीं हुई है। देखें, क्या होता है।

# तेल-गैस संकट के समय आत्मनिर्भर क्यों नहीं बने?

//सौरभ वार्ष्णेय//

**दुनिया में जब भी मध्य-पूर्व में तनाव या युद्ध की स्थिति बनती है, तब सबसे पहले तेल-गैस की कीमतों पर असर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करते हैं, ऐसे समय में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इतने वर्षों बाद भी भारत तेल-गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया।**

सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत के पास सीमित प्राकृतिक तेल-गैस भंडार हैं। देश में कुछ क्षेत्रों–जैसे समुद्री तटों और पूर्वोत्तर राज्यों–में तेल-गैस मिलती है, लेकिन यह हमारी बढ़ती जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। आज भी भारत अपनी लगभग 80-85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत विदेशों से आयात करता है। दूसरा कारण यह है कि ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक विकास, बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि के कारण तेल-गैस की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू उत्पादन इस गति से नहीं बढ़ पाया।तीसरा कारण नीतिगत और तकनीकी चुनौतियाँ भी रही हैं। कई बार तेल-गैस की खोज और उत्पादन के लिए पर्याप्त निवेश, आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र की भागीदारी समय पर नहीं बढ़ पाई। इसके कारण संभावित भंडारों का पूरा उपयोग नहीं हो सका। हालांकि, हाल के वर्षों में सरकार ने आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना, जैव-ईंधन (एथेनॉल) का उपयोग बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना और नए तेल-गैस क्षेत्रों की खोज करना इसी दिशा के प्रयास हैं।स्पष्ट है कि तेल-गैस में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना आसान नहीं है, लेकिन ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों और घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर भारत अपनी निर्भरता जरूर कम कर सकता है। यही भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा का रास्ता भी है। देश में बार-बार उभरने वाला तेल-गैस संकट यह संकेत देता है कि केवल आयातित ऊर्जा पर निर्भर रहना लंबे समय तक सुरक्षित रणनीति नहीं हो सकती। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढने या भू-राजनीतिक तनाव होने पर देश की अर्थव्यवस्था तुरंत प्रभावित हो जाती है। ऐसे में ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों को बढ़ावा देना और घरेलू उत्पादन को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।सबसे पहले, सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्त्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा। भारत भौगोलिक रूप से सौर ऊर्जा के लिए बेहद अनुकूल देश है। अगर गांव-गांव में रूफटॉप सोलर प्लांट और बड़े सौर पार्क स्थापित किए जाएँ तो बिजली उत्पादन का बड़ा हिस्सा स्वदेशी और स्वच्छ स्त्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। इसी तरह तटीय क्षेत्रों और खुले मैदानों में पवन ऊर्जा की अपार संभावनाएँ हैं। दूसरा महत्वपूर्ण कदम घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने का है। इसके लिए नई खोज, आधुनिक तकनीक और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। समुद्री क्षेत्रों और कठिन भौगोलिक इलाकों में ऊर्जा संसाधनों की खोज के लिए सरकार को स्पष्ट नीतियाँ और आसान नियम बनाने होंगे, ताकि घरेलू उत्पादन में तेजी आ सके।इसके साथ-साथ जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी ऊर्जा नीति का अहम हिस्सा बनाना होगा। एथेनॉल मिश्रण, बायोगैस प्लांट और कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन जैसे प्रयास न केवल ऊर्जा संकट को कम करेंगे बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं। अंततः ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल सरकारी नीतियों से ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी से भी संभव है। ऊर्जा की बचत, सौर ऊर्जा अपनाने और स्वच्छ तकनीक के उपयोग में आम नागरिक की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि सरकार, उद्योग और समाज मिलकर प्रयास करें तो भारत न केवल ऊर्जा संकट से उबर सकता है, बल्कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम भी बढ़ा सकता है।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, तेल-गैस संकट और आपूर्ति शृंखला में बार-बार आने वाली बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी देश की आर्थिक मजबूती का आधार उसका मजबूत घरेलू उत्पादन होता है। यदि भारत को दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, तो घरेलू उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों को मजबूत करना आवश्यक है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार पैदा करता है और स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ाता है। सरकार को इन उद्योगों को सस्ती पूंजी, तकनीकी सहायता और आसान नियम उपलब्ध कराने चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण कदम कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना है। यदि कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण देश में ही बड़े पैमाने पर होगा, तो किसानों की आय भी बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता भी कम होगी।तीसरा, तकनीक और नवाचार को उत्पादन से जोडऩा जरूरी है। आधुनिक मशीनों, डिजिटल तकनीक और अनुसंधान के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई जा सकती हैं।इसके अलावा सरकार को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। च्वोकल फॉर वोकलज्ज् जैसी पहल तभी सफल होगी जब उपभोक्ता भी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें।घरेलू उत्पादन बढ़ाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उद्योग, किसान और उपभोक्ता–सभी की साझा भागीदारी से ही यह संभव है। यदि सही नीतियों और जनसहयोग के साथ प्रयास किए जाएँ, तो भारत न केवल अपनी जरूरतें पूरी कर सकेगा बल्कि वैश्विक बाजार में भी मजबूत स्थान बना पाएगा।

# इच्छा मृत्यु केवल कानून ही नहीं, मानवीय गरिमा का प्रश्न

चिकित्सा केवल जैविक अस्तित्व को लंबा खींचने का माध्यम बन गई थी। ऐसे में अदालत की स्वीकृति इस कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा केवल जीने में ही नहीं, बल्कि मृत्यु में भी बनी रहनी चाहिए। फिर भी इच्छामृत्यु का प्रश्न अत्यंत जटिल और विवादास्पद रहा है। भारतीय समाज में यह गहरी धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की सेवा तब तक की जाए, जब तक उसके प्राण स्वाभाविक रूप से समाप्त न हो जाएं। जीवन की रक्षा और उसकी देखभाल को एक नैतिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता रहा है। यही कारण है कि भारतीय परिवारों में रोगी की सेवा केवल चिकित्सा का विषय नहीं होती, बल्कि भावनात्मक, धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से भी जुड़ी होती है। कई बार यह भी देखा गया है कि प्रियजन की मृत्यु के बाद भी उसे लंबे समय तक जीवन लौटने की आशा में संभालकर रखा जाता रहा है। लेकिन जब कोई व्यक्ति ऐसी स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौटने की कोई संभावना न हो और उसका अस्तित्व केवल कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर रह जाए, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या केवल जैविक अस्तित्व को बनाए रखना ही जीवन की रक्षा है। या फिर जीवन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए व्यक्ति को पीड़ा से मुक्ति देने का अधिकार भी स्वीकार किया जाना चाहिए। इसी जटिल और संवेदनशील प्रश्न के केंद्र में 11 मार्च 2026 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया वह निर्णय है, जिसमें गाज़ियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी गई। लगभग तेरह वर्षों से कोमा में जीवन बिताने वाले इस युवक के मामले में अदालत का यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश भर नहीं है, बल्कि जीवन, मृत्यु और मानवीय गरिमा के बीच संतुलन खोजने का एक गंभीर एवं संवेदनशील प्रयास भी है। दरअसल, हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए बाध्य करता है कि इच्छामृत्यु का प्रश्न केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि एक गहरी मानवीय कहानी भी है। यह एक ऐसे युवा की कहानी है, जिसका जीवन एक दुर्घटना के बाद अचानक बदल गया और जो तेरह वर्षों तक एक मौन जीवन-मृत्यु संघर्ष में जीता रहा।

उस संघर्ष में शब्द नहीं थे, संवाद नहीं था, केवल एक स्थिर और असहाय जैविक अस्तित्व था। ऐसे में परिवार, चिकित्सकों और समाज के सामने यह कठिन दुविधा खड़ी हो जाती है कि जीवन को किस सीमा तक कृत्रिम रूप से बनाए रखा जाए। इस निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 है, जो प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। समय के साथ न्यायपालिका ने इस अनुच्छेद की व्याख्या को व्यापक बनाते हुए यह स्पष्ट किया कि जीवन का अधिकार केवल सांस लेने या जीवित रहने का अधिकार नहीं है, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार भी है। इसी संवैधानिक दृष्टिकोण ने आगे चलकर यह प्रश्न उठाया कि यदि व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार है, तो क्या उसे गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार भी नहीं होना चाहिए। भारत में इच्छामृत्यु से जुड़ा न्यायिक विमर्श धीरे-धीरे विकसित हुआ है। वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। यह मामला एक ऐसी नर्स का था, जो दशकों तक कोमा की स्थिति में रही। उस निर्णय ने इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। इसके बाद वर्ष 2018 में कॉमन कॉज़ बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक फैसले में अदालत ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को संवैधानिक मान्यता देते हुए 'लिविंग विल' की अवधारणा को स्वीकार किया।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर प्रदेश के कानपुर में पंकी-सरायमीता हाईवे पर एक स्लीपर बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में वनरानी मिनी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।




भारतीय नौसेना का जहाज़ (आईएनएस) त्रिकंद ने मॉरीशस के पोर्ट लुइस में अपना पोर्ट कॉल पूरा कर लिया है।




केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू तमिलनाडु के मदुरै में, मदुरै हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के कार्यक्रम के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए।



देहरादून में, विभिन्न मांगों को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को रोका।



पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान पुरुलिया और आनंद विहार टर्मिनल के बीच एक नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई. इस अवसर पर साथ में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि और शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार भी दिखाई दे रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में छाए काले बादल, तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश, गर्मी से मिलेगी राहत



**नईदिल्ली, 15 मार्च [एजेंसी]।**

पहाड़ी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दूसरे दिन भी राजधानी दिल्ली के मौसम में बदलाव दिखा। दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई है।मौसम विभाग ने बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया हुआ है। इससे पहले शनिवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, आज रविवार को तेज हवा चलने के साथ ही हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वर्षा होने से तापमान में कमी आएगी। राजधानी में दिन में आसमान में हल्का बादल छाया रहा। हवा भी चलती रही। न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक लेकिन एक दिन पहले की तुलना में 2.3 डिग्री कम था।वहीं, पालम और लोधी रोड के मौसम स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले दोनों स्थानों पर दर्ज किए गए तापमान से कुछ कम है। अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस अधिक और एक दिन पहले की तुलना में 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक था।आईएमडी ने रविवार सुबह, दोपहर व शाम के समय हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने और गरज व बिजली चमकने के साथ 30 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा का पूर्वानुमान लगाया है।

इससे तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।आईएमडी का कहना है कि पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण पंजाब और हरियाणा से सटे मध्य पाकिस्तान में चक्रवाती गतिविधि विकसित हो गई है। इसके परिणामस्वरूप पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों में वर्षा होने की संभावना है। इसका असर दिल्ली में भी रहेगा। 15 और 18 मार्च को हल्की वर्षा हो सकती है। अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रहेंगे।मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार तक न्यूनतम तापमान 14-16 डिग्री सेल्सियस के आसपास और अधिकतम तापमान भी सोमवार तक 31-33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को लगातार दूसरे दिन दिल्ली की हवा मध्यम श्रेणी में रही। औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 153 रहा, जबकि शुक्रवार को 189 दर्ज किया गया था।

## नीतीश कल भी थे और आज भी... बेगूसराय में सम्राट ने सीएम की जमकर की तारीफ

**बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड स्थित बियाडा परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज भी नीतीश और कल भी नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही बिहार आगे बढ़ता रहेगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में सामाजिक न्याय को मजबूत किया गया और अराजकता के माहौल को समाप्त किया गया।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 20 वर्ष पहले बेगूसराय से पटना जाने में लोगों को लगभग पांच घंटे का समय लगता था, जबकि अब बेहतर सड़कों और आधारभूत संरचना के विकास के कारण लोग महज एक से डेढ़ घंटे में पटना पहुंच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि बेगूसराय में जल्द ही एरोड्रम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी।

# फर्जी सिम कार्ड बने साइबर ठगों का नया हथियार, इस तरह बना रहे शिकार

**हरिद्वार, 15 मार्च [एजेंसी]।**

आमजन को धोखाधड़ी का शिकार बना रहे साइबर ठगों के लिए फर्जी पहचान पर लिए गए सिम कार्ड मजबूत हथियार बन रहे हैं। जांच में बार-बार यह सामने आ रहा है कि ठगी के लिए जिन मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया गया, वे किसी और के दस्तावेजों पर जारी सिम कार्ड होते हैं। इससे न केवल जांच एजेंसियों को असली अपराधियों तक पहुंचने में कठिनाई होती है, बल्कि निर्दोष लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। पुलिस व साइबर सेल के तमाम प्रयास के बावजूद साइबर ठगी की घटनाएं थमने के बजाय बढ़ती जा रही हैं। ठगी की कई घटनाओं की पड़ताल में सामने आया है कि फर्जी पहचान पर सिम कार्ड जारी कराने का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय है। कुछ मोबाइल दुकानों पर सही तरीके से केवाईसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाता। आरोप है कि बिना आधार या पहचान पत्र का ठीक से सत्यापन किए ही सिम कार्ड एक्टिव कर दिए जाते हैं। कई मामलों में पुराने या किसी अन्य व्यक्ति के दस्तावेजों का दुरुपयोग भी किया जाता है। इस धंधे में कई स्तर पर लोग शामिल हो सकते हैं। सबसे पहले दस्तावेज जुटाने वाले लोग होते हैं, जो किसी तरह से पहचान पत्रों की कापी हासिल कर लेते हैं। इसके बाद कुछ एजेंट या दुकानदार इन दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड जारी करा देते हैं। फिर इन सिम कार्डों को अपराधियों तक पहुंचा दिया जाता है, जो उनका इस्तेमाल आनलाइन ठगी, फर्जी काल या साइबर अपराधों में करते हैं। साइबर ठग अक्सर ऐसे सिम कार्डों का इस्तेमाल करते हैं ताकि वारदात के बाद उनका पता लगाना मुश्किल हो जाए। कई मामलों में जब पुलिस उस नंबर के आधार पर जांच करती हैं तो दस्तावेज किसी ऐसे व्यक्ति के निकलते हैं, जिसका घटना से कोई लेना-देना नहीं होता।

पुलिस अधिकारी यह कुबूल करते हैं कि फर्जी दस्तावेजों पर जारी सिम कार्ड साइबर अपराधों की जांच में बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। कई बार अपराधी एक बार इस्तेमाल के बाद सिम कार्ड बंद कर देते हैं या फेंक देते हैं, जिससे उनका ट्रैक करना और मुश्किल हो जाता है। पुलिस और प्रशासन इस तरह के मामलों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी में है। एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि मोबाइल दुकानों की जांच, संदिग्ध सिम कार्डों का सत्यापन और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन नंबरों की निगरानी भी बढ़ाई जा रही है, जिनका इस्तेमाल ठगी के मामलों में बार-बार सामने आता है। इसके अलावा आम लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी व्यक्ति को अपने पहचान पत्र की कापी बिना जरूरत के देने से बचना चाहिए और यह भी समय-समय पर जांचते रहना चाहिए कि उनके दस्तावेजों पर कितने मोबाइल नंबर जारी हैं।

## हत्या के मामले में मध्य प्रदेश से दो महिलाएं गिरफ्तार, बुजुर्ग महिला को उतारा था मौत के घाट

**कन्नूर, 15 मार्च [एजेंसी]।**

केरल के कन्नूर जिले में 2016 में एक बुजुर्ग महिला की हत्या और लूट के मामले में आरोपित दो महिलाओं को लगभग दस साल तक फरार रहने के बाद मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नई दिल्ली के नांगलोई निवासी परवीन बानू और उसकी बेटी सकीना फातिमा के रूप में हुई है। अपराध शाखा के अधिकारियों ने बताया कि वो 30 अप्रैल 2016 को कन्नूर के इरिकुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिद्दीक नगर निवासी 60 वर्षीय मेरादान कुंजामिना की निर्मम हत्या में शामिल थीं। उन्होंने बताया कि आरोपितों ने कपड़ा व्यापारी बनकर कुंजामिना के घर के पास एक घर किराए पर लिया था। धीरे-धीरे उससे दोस्ती कर ली थी। आरोपितों ने बुजुर्ग महिला का विश्वास हासिल कर लिया और 30 अप्रैल 2016 की सुबह पीड़िता को हत्या कर दी। उसकी सोने की चेन, कंगन और नकदी लेकर फरार हो गईं। 2024 में जांच राज्य अपराध शाखा को सौंपी गई थी। जांच के बाद अपराध शाखा की टीम ने आरोपितों का पता मध्य प्रदेश के उज्जैन में लगाया और स्थानीय पुलिस की सहायता से उन्हें गिरफ्तार कर लिया।




# ऋषिकेश में हाई-टेक ड्रोन सर्वे शुरू: हर इमारत का बनेगा थ्री-डी मैप, हाउस टैक्स का होगा सटीक आंकलन

**ऋषिकेश, 15 मार्च [एजेंसी]।**

नगर निगम क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक ड्रोन सर्वे शुरू किया गया। इससे शहर की हर इमारत का फ्लोर-स्तर तक सटीक थ्री-डी मैप तैयार किया जा सकेगा। भविष्य में भवनों के सर्वे के डेटा के साथ इसे लिंक किया जाएगा। इससे नगर निगम बेहद सटीक हाउस टैक्स का आकलन कर टैक्स वसूली की प्रक्रिया को और पारदर्शी बना पाएगा। ऋषिकेश और आसपास के निकायों में जर्मन विकास बैंक की ओर से वित्तपोषित एकीकृत शहरी बुनियादी ढांचा विकास के लिए करीब 1,600 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। इसमें जल आपूर्ति, जल निकासी, सार्वजनिक स्वच्छता, स्मार्ट शहरी स्थान, वेंडिंग ज़ोन और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन जैसे बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। शनिवार को परियोजना के तहत त्रिवेणी घाट के समीप चंद्रभागा संगम पर अत्याधुनिक ड्रोन सर्वे का विधिवत उद्घाटन महापौर शंभू पासवान ने किया।बताया कि शहर के बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए इतने वृहद स्तर पर इस तरह का हाई-टेक सर्वे पहली बार किया जा रहा है।



मौके पर मौजूद जीआइएस विशेषज्ञ अंकित सिंह ने बताया कि जिस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है उससे ऋषिकेश शहर की प्रत्येक इमारत का फ्लोर-स्तर तक बेहद सटीक थ्री-डी मैप तैयार किया जा सकेगा।थ्री-डी डेटा को भविष्य में हाउस होल्ड सर्वे के डेटा के साथ लिंक किया जाएगा। इसके माध्यम से नगर निगम के लिए एक ऐसा रीयल-टाइम प्लेटफार्म विकसित किया जा सकता है, जिससे एकदम सटीक हाउस टैक्स का आकलन और वसूली की प्रक्रिया पारदर्शी और बेहद आसान हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह तकनीक भविष्य के सभी विकास कार्यों की सटीक मानीटरिंग, वृहद डेटा संकलन और भविष्य की प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए एक मजबूत बेसलाइन डेटा तैयार करने में कारगर होगा।

प्रोग्राम डायरेक्टर अभिषेक रुहेला, परियोजना प्रबंधक जतिन सैनी ने बताया कि राज्य में पहली बार इस तरह से सर्वे किया गया है। नगर निगम में अब संपत्तियां के नामांतरण का काम भी आनलाइन किया जाएगा। एक अप्रैल से यह व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे पहले नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स की प्रक्रिया को आनलाइन करने का काम पूरा कर दिया गया है। एक अप्रैल से हाउस टैक्स भी आनलाइन जमा कराए जा सकते हैं। शहर में करीब 12 हजार भवनों से हाउस टैक्स लिया जाता है। करीब नौ हजार भवनों का डेटा नगर निगम तैयार कर चुका है। मोबाइल पर ही हाउस टैक्स के डिमांड नोटिस और आनलाइन भुगतान की सुविधा रहेगी। नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने बताया कि संपति नामांतरण का काम भी आनलाइन किया जाएगा।

## ईरान से तुर्किये भागे लोग, कुछ लोगों ने की वतन वापसी, युद्ध के चलते 32 लाख लोगों का विस्थापन

**नई दिल्ली।** युद्ध के कारण ईरान में लोग देश छोड़कर भागने के बारे में दुविधा में हैं। पूर्वी ईरानी शहर गोलेस्तान में अपने घर के पास बम विस्फोट के बाद मर्वे पौरकाज सुरक्षा की तलाश में 1500 किलोमीटर का सफर कर तुर्किये के वान पहुंचीं। उन्होंने कहा, अगर मुझे इजाजत मिली, तो मैं युद्ध खत्म होने तक तुर्किये के वान में ही रहूंगी। पौरकाज ईरान के उन लोगों में से एक हैं जो अमेरिका-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद से वे विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी का अनुमान है कि इस युद्ध के कारण 32 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जहां कुछ लोग ईरान के सुरक्षित हिस्सों या पड़ोसी देशों में शरण ले रहे हैं, वहीं अन्य लोग विदेश से लौटकर अपने परिवारों और घरों की रक्षा के लिए स्वदेश लौट रहे हैं।

# सरेंडर कर चुके माओवादी देवजी ने की माकपा- माओवादी से प्रतिबंध हटाने की मांग

**नईदिल्ली, 15 मार्च [एजेंसी]।**

सरेंडर कर चुके माओवादी कमांडर थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी ने केंद्र सरकार से माकपा (माओवादी) पर लगे प्रतिबंध हटाने और इसे राजनीतिक दल के रूप में मान्यता देने की शनिवार को मांग की। हालांकि संगठन चुनावी राजनीति में भाग लेने के पक्ष में नहीं है। देवजी ने हाल ही में तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था।देवजी ने कहा, हमने मुख्यमंत्री (ए रेवंत रेड्डी) से हाल ही में हुई बैठक में अनुरोध किया कि वे इस मामले को (प्रतिबंध हटाने के बारे में) केंद्र के संज्ञान में लाएं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की। उनका कहना है कि केवल सरकार के पास हथियार होने चाहिए, दूसरों के पास नहीं। हम भी कहते हैं कि अगर हमारी पार्टी को राजनीतिक दल के रूप में मान्यता दी जाती है तो हम हथियार डाल देंगे।देवजी ने कहा केंद्र सरकार के माओवादी विरोधी ऑपरेशन कगार के शुरू होने के बाद कई माओवादियों की गिरफ्तारी, मारे जाने या आत्मसमर्पण के कारण माकपा (माओवादी) को भारी नुकसान हुआ। संगठन के लिए अस्तित्व बचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। देवजी ने कहा कि वह किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं होना चाहते, क्योंकि माकपा (माओवादी) राजनीतिक पार्टी है।देवजी ने देशभर में जेल में बंद माओवादी समर्थकों को राजनीतिक कैदी के रूप में मान्यता देकर रिहा करने की भी मांग की। इस बीच उन्होंने टीवी चैनल से कहा, हम संसद और विधानसभा चुनावों में भाग नहीं लेना चाहते। उन्होंने कहा, जब माओवादी सिस्टम को उखाड़ फेंकने का प्रयास किया जाता है तो इससे माओवादी और सुरक्षा बलों दोनों को नुकसान होता है। उन्होंने आकसफैम जैसी संगठनों की रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि अभी भी धन कुछ ही लोगों के पास है। माओवाद के कमजोर होने के कारणों पर उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव के अनुसार कार्रवाई की योजना तैयार करने में देरी हुई। चार दशकों तक भूमिगत रहने के बाद देवजी ने 24 फरवरी को आत्मसमर्पण किया था। देवजी के साथ मल्लाराजी रेड्डी, बड़े चोक्का राव उर्फ जगन, और नूने नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना ने भी हथियार डाल दिए थे। देवजी ने कहा, मौत के डर से नहीं, बल्कि कानूनी ढांचे में रहकर लोगों के लिए काम करने की खातिर आत्मसमर्पण किया है।



यह भी दावा किया कि तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने से पहले ही पुलिस ने उन्हें तथा अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। देवजी ने शुक्रवार को कहा था कि मौत का कभी डर नहीं था और अगर ऐसा होता तो वह पिछले साल अक्टूबर में माओवादी मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू और अशन्ना उर्फ सतीश की तरह आत्मसमर्पण कर देते।देवजी ने टीवी चैनलों से कहा, तेलंगाना पुलिस ने हमें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अगर वे चाहते तो हमें मार सकते थे। लेकिन उन्होंने हमसे कहा कि हत्या करना उनकी नीति नहीं है और वे आत्मसमर्पण करवाना चाहते थे लेकिन मैं आत्मसमर्पण करने को तैयार नहीं था। आईएएनएस के अनुसार, देवजी ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पिछली सरकारों की तुलना में अपेक्षाकृत नरम प्रतीत होती है। उन्होंने कहा, हम कई बार कह चुके हैं कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं। फिर खून-खराबे की क्या जरूरत है। देवजी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ऑपरेशन कगार को रोकने की अपील भी की।

## ओडिशा के खुर्दा में किराना दुकान में लगी आग, जिंदा जले पिता-पुत्र

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खुर्दा जिले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में किराना दुकान में आग लगने से पिता और पुत्र की जिंदा जलकर मौत हो गई। दोनों रात में दुकान के अंदर सो रहे थे, तभी अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरी दुकान आग की चपेट में आ गई। मृतकों की पहचान राजेश साहू और उनके बेटे लक्ष्मीधर साहू के रूप में हुई है। दोनों बेगुनिया थाना क्षेत्र के सानपदर गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार राजेश गांव में एक छोटी किराना दुकान चलाते थे और अक्सर रात में उसी दुकान में सोते थे।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात दोनों ने खाना खाने के बाद दुकान के अंदर ही सो गए थे। देर रात अचानक दुकान में आग लग गई। आग तेजी से फैल गई और दोनों अंदर ही फंस गए। गंभीर रूप से झुलसने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों को दुकान से धुआं उठता दिखाई दिया। जब लोग वहां पहुंचे तो दुकान पूरी तरह जल चुकी थी।

# नोएडा फैक्ट्री आग: बेसमेंट में फिर भड़की लपटें, लापता कर्मी उपेंद्र का नहीं मिला सुराग



**नोएडा, 15 मार्च [एजेंसी]।**

फेज वन क्षेत्र के सेक्टर चार स्थित कैपिटल पावर सिस्टम लिमिटेड नाम से संचालित बिजली मीटर बनाने वाली फैक्ट्री में बृहस्पतिवार सुबह लगी आग शुक्रवार रात बुझ गई थी, लेकिन शनिवार सुबह बेसमेंट दो में फिर आग भड़क उठी। धुआं उठता देख अग्निशमन विभाग टीम ने फिर से आग बुझाना शुरू किया। उधर, फैक्ट्री में काम करने वाले उपेंद्र नाम के कर्मी तीन दिन बाद भी पता नहीं चल सका। पुलिस खोजबीन कर रही है।फैक्ट्री परिसर के बेसमेंट दो शनिवार सुबह फिर धुआं निकलने लगा। अग्निशमन टीम ने रिवोल्विंग ब्रांच लगाकर पानी का छिड़काव शुरू कराया। देर शाम तक पानी का छिड़काव कर आग बुझाने का काम जारी रहा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शनिवार को 10 गाड़ियों का प्रयोग कर आग बुझाने का काम जारी रहा। बेसमेंट में केमिकल होने के कारण पूरी तरह से आग बुझाने में दिक्कत आ रही है। उधर, हरौला में रहने वाले सरवन कुमार का कहना है कि उनका बेटा उपेंद्र का तीन दिन बाद भी घर नहीं लौटा है।

उनका दावा है कि उपेंद्र बुधवार रात को फैक्ट्री में शिफ्ट करने आया था। वह जिला अस्पताल से लेकर कई प्राइवेट अस्पतालों में पता कर चुके हैं। पुलिस और अग्निशमन अधिकारी आग बुझने तक का इंतजार करने की बात कहकर घर वापस भेज देते हैं। अग्निशमन और स्थानीय पुलिस ने शनिवार देर शाम तक फैक्ट्री परिसर से किसी भी कर्मी के मिलने से इनकार किया। बता दें कि उपेंद्र की बृहस्पतिवार सुबह की अंतिम लोकेशन सेक्टर छह आयी है।

# युद्ध से प्रभावित अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की तैयारी, आर्थिक पैकेज ला सकती है सरकार

**नईदिल्ली, 15 मार्च [एजेंसी]।**

ईरान युद्ध की वजह से प्रभावित हो रही अर्थव्यवस्था की विकास गति को कायम रखने के लिए सरकार आर्थिक पैकेज ला सकती है। विभिन्न मंत्रालयों में इसे लेकर मंत्रणा शुरू हो गई है। ताकि सरकार एक ऐसा पैकेज तैयार कर सके जो देश की आर्थिक विकास दर को पहले की तरह सात प्रतिशत से अधिक के स्तर पर कायम रख सके। निर्यातकों के लिए तो अगले एक सप्ताह में ही वित्तीय राहत की घोषणा हो सकती है। युद्ध की वजह से निर्माण लागत बढ़ने से छोटे-छोटे उद्यमियों के उत्पादन प्रभावित होने के साथ उनके भुगतान फंसने की आशंका पैदा हो गई है। इससे उनकी कार्यशील पूंजी फंस सकती है। छोटे उद्यमियों के लिए भी सरकार वित्तीय मदद को लेकर विचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शनिवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित रैली के संबोधन में कहा कि युद्ध की वजह से होने वाले असर को हम कम से कम करने का प्रयास करेंगे। गत शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने युद्ध के मद्देनजर एक लाख करोड़ के आर्थिक स्थिरता फंड का ऐलान संसद में किया। सूत्रों का कहना है कि वह लंबी अवधि की रणनीति है। जबकि पैकेज के जरिए तत्काल प्रभाव से राहत की कोशिश हो सकती है। अभी कई अलग-अलग पैकेज की घोषणा हो सकती है। आर्थिक जानकार कह रहे हैं कि इस समय की कोरोना काल से तुलना करना ठीक नहीं है, परंतु सप्लाई चेन बाधित होने से कच्चे तेल, गैस व एल्युमीनियम, तांबा, टिन जिंक, निकेल जैसे धातुओं की कीमतों में फरवरी के बाद मार्च में तेज उछाल होने से कई उपभोक्ता वस्तुओं का महंगा होना तय है। इन धातुओं की कीमतों में सिर्फ फरवरी महीने में पिछले साल फरवरी की तुलना में 12 प्रतिशत से लेकर 53 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। ऐसे में उपभोक्ता वस्तुओ की बिक्री प्रभावित होगी।




आर्थिक जानकारों का कहना है कि सरकार की कोशिश होगी कि मैन्यूफैक्चरिंग को जारी रखा जाए और लोगों की नौकरियां पर असर नहीं हो। तभी विकास गति कायम रह सकती है। क्योंकि निर्यातक ही नहीं मंत्रालय सूत्र भी कह रहे हैं कि मार्च में तो निर्यात बुरी तरह प्रभावित होता दिख रहा है। पूरे वित्त वर्ष में मार्च में ही सबसे अधिक निर्यात किया जाता है।औद्योगिक संगठनों का भी मानना है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की आखिरी तिमाही तो प्रभावित हो चुकी है, लेकिन युद्ध लंबा चलने पर अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही पर भी असर पड़ेगा। औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी कह रहे हैं कि यह असर कितना गहरा होगा, अभी यह आकलन नहीं किया जा सकता है, लेकिन हालात गंभीर है, इसमें कोई शक नहीं है। आगामी महीनों में खुदरा महंगाई दर बढ़ने की आशंका गहरा गई है। महंगाई की वजह से वस्तुओं की बिक्री प्रभावित हुई तो सरकार के जीएसटी संग्रह पर भी असर पड़ेगा। कारपोरेट का मुनाफा कम होगा तो सरकार के कॉरपोरेट टैक्स में भी कमी आएगी।

## उद्योग की परिभाषा पर सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की पीठ 17 मार्च से करेगी सुनवाई

**नईदिल्ली, 15 मार्च [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत उद्योग शब्द की परिभाषा को स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू करेगी। यह मामला दशकों से कानूनी बहस का विषय रहा है। पीठ की अध्यक्षता चीफ जस्टिस (सीजेआइ) सूर्यकांत करेंगे। अन्य सदस्यों में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस उज्जल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस जोयमाल्या बागची, जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। सुनवाई 17 मार्च को शुरू होकर 18 मार्च तक पूरी होने की उम्मीद है। कोर्ट यह जांचेगा कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई केस में जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर द्वारा उद्योग के निर्धारण के लिए तय किए गए मापदंड आज भी सही हैं। क्या सरकार द्वारा संचालित सामाजिक कल्याण गतिविधियों और योजनाओं को अधिनियम की धारा 2(जे) के तहत औद्योगिक गतिविधि माना जा सकता है। औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और हाल ही में लागू हुए औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (21 नवंबर, 2025 से प्रभावी) का इस परिभाषा पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ेगा। बहरहाल, यह निर्णय देश के श्रम कानूनों और औद्योगिक संबंधों की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित होगा।



# जिम जाने वाले लोग नाश्ते में खा सकते हैं ये हाई प्रोटीन व्यंजन, आसान है बनाना

जिन लोगों को जिम जाने का शौक होता है, वे अपनी डाइट का खास ख्याल रखते हैं। हालांकि, कई लोग सुबह के समय ज्यादा खाने से कतराते हैं, लेकिन नाश्ते में हाई प्रोटीन वाले व्यंजनों को शामिल करना उनके लिए जरूरी है। इससे न केवल उनकी मांसपेशियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि शरीर को भरपूर ऊर्जा भी मिलेगी। आइए आज हम आपको ऐसे नाश्ते की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें बनाना काफी आसान है और ये स्वादिष्ट भी हैं।



**मूंग दाल का चीला**

मूंग दाल का चीला भी एक स्वादिष्ट और सेहतमंद नाश्ता है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले मूंग दाल को रातभर पानी में भिगोकर रख दें, फिर सुबह इसे दरदरा पीस लें। अब इस पेस्ट में नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और बारीक कटी हुई सब्जियां मिलाएं। एक तवे पर थोड़ा-सा तेल गर्म करके इसमें तैयार मिश्रण फैलाएं और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक पकाएं। इसे हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

**सोया चंक्स उपमा**

सोया चंक्स उपमा एक सेहतमंद और प्रोटीन से भरपूर विकल्प है, जिसे आप अपने नाश्ते में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सोया चंक्स को गर्म पानी में भिगोकर नरम कर लें, फिर इन्हें निचोड़कर अलग रख दें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करके उसमें राई, उड़द दाल, मूंगफली डालें और भूनें। इसके बाद प्याज, हरी मिर्च, करी पत्ते डालकर भूनें। अंत में सोया चंक्स मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें।

**छोले की टिक्की**

छोले की टिक्की बनाने के लिए सबसे पहले छोले को रातभर पानी में भिगोकर पका लें। अब इन्हें मिक्सी में पीस लें, फिर इसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला मिलाकर टिक्की बनाएं। अब एक तवे पर तेल गर्म करके इन टिक्कियों को दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें। इन्हें हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

**क्विनोआ उपमा**

क्विनोआ एक खास अनाज है, जिसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन मौजूद होती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले क्विनोआ को धोकर भिगो दें, फिर इसे उबाल लें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और उसमें राई, उड़द दाल, मूंगफली डालें और भूनें। इसके बाद प्याज, हरी मिर्च, करी पत्ते डालकर भूनें। अंत में क्विनोआ मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें। इन व्यंजनों को बनाना आसान है और ये आपके नाश्ते को पौष्टिक बनाने में मदद करेंगे।

# मोनालिसा ने स्विमिंग पूल में दिए हॉट पोज, फैंस बोले- काफी बोल्ड...



भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट अभिनेत्रियों में से एक मोनालिसा आए दिन अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्यार लूटाते हैं।

मोनालिस ने आज अपने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने स्विमिंग पुल में जमकर पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने लाल रंग की मोनोकिनी पहली हुई हैं। मोनालिसा ने स्विमिंग में जमकर मस्ती की। मोनालिसा की इन तस्वीरों को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

ग्लैमर की दुनिया का बड़ा नाम मोनालिसा को आज भला कौन नहीं जानता है। एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं।

सोशल मीडिया पर अपने हुस्न की बेबाकी का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा ने हाल ही में अपनी तस्वीरें इंस्टा अकाउंट पर पोस्ट की हैं।

बता दें कि मोनालिसा जब भी अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो वो कुछ ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं।

एक्ट्रेस आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। बता दें कि मोनालिसा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।



*सूरज बड़जात्या की बेटी के रिसेप्शन में छाईं रेखा, मांग टीका, झुमके, हीरों का हार..सिल्क साड़ी में गिराईं हुस्न की बिजलियां*

*वहीं, सूरज की बेटी के रिसेप्शन में दिग्गज एक्ट्रेस रेखा भी अपने लुक से सबका ध्यान खींचती नजर आईं।*

# मोच को जल्द ठीक करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, रातभर में आ जाएगा आराम



मोच एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह अक्सर दौड़ते या चलते समय गलत कदम रखने या फिसलने आदि से होती है। मोच आने पर एड़ी में दर्द, सूजन और असुविधा होती है, जिससे रोजमर्रा की गतिविधियों में परेशानी होती है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और असरदार घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आप अपनी मुड़ी एड़ी को रातभर में ठीक कर सकते हैं।

**बर्फ का उपयोग करें**

बर्फ का उपयोग मोच के दर्द और सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक कप पानी में कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर उसमें एक साफ कपड़ा भिगोएं और इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 15-20 मिनट तक इस प्रक्रिया को दोहराएं। इससे रक्त का प्रवाह बढ़ता है और सूजन कम होती है। इस उपाय को दिन में 2-3 बार अपनाएं और आराम महसूस करने तक इसे जारी रखें।

**हल्दी का पेस्ट लगाएं**

हल्दी में प्राकृतिक रूप से सूजन कम करने वाले तत्व होते हैं। इससे आपकी एड़ी जल्दी ठीक हो सकती है। एक चम्मच हल्दी पाउडर को पानी या दूध में मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं और इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 30 मिनट तक सूखने दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दिन में दो बार दोहराएं। इससे दर्द और सूजन में कमी आएगी और मोच के कारण मुड़ी एड़ी जल्दी ठीक होगी।

**अदरक का रस लगाएं**

अदरक में ऐसे तत्व होते हैं, जो दर्द को कम करने में सहायक होते हैं। अदरक का रस निकालकर उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 15-20 मिनट तक इसे छोड़ दें, फिर साफ पानी से धो लें। अदरक का रस लगाने से रक्त का प्रवाह बढ़ता है और सूजन कम होती है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। इस प्रक्रिया को दिन में 2-3 बार दोहराएं ताकि आपको जल्दी आराम मिले।

**एलोवेरा जेल लगाएं**

एलोवेरा जेल प्राकृतिक रूप से ठंडक प्रदान करता है और त्वचा को आराम पहुंचाता है। एक ताजे एलोवेरा पत्ते से जेल निकालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं, फिर हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट तक सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दिन में 2 बार दोहराएं ताकि आपको जल्दी आराम मिले और दर्द और सूजन में कमी आए। एलोवेरा जेल लगाने से आपकी एड़ी को राहत मिलेगी।

**सेंधा नमक का स्नान करें**

सेंधा नमक में ऐसे तत्व होते हैं, जो मांसपेशियों को आराम पहुंचाते हैं और सूजन कम करते हैं। एक टब या बाल्टी में गुनगुना पानी भरें, उसमें आधा कप सेंधा नमक मिलाएं, फिर उसमें पैर डालकर बैठ जाएं। 15-20 मिनट तक पैरों को भिगोए रखें, इससे दर्द और सूजन दोनों कम होंगे। इन घरेलू नुस्खों का नियमित उपयोग आपकी एड़ी को जल्द ठीक करने में मदद करेगा और आपको आराम पहुंचाएगा।

# अनन्या पांडे ने शेयर की अपने रिलेशनशिप की मुश्किलें, बोलीं -खुद को हमेशा कमतर समझा...

अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप, उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया। एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही।

अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। अपने इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया।

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। मैं हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हूं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।

एक्ट्रेस ने बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। जब वो इस रिश्ते में थी तो उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा।

अनन्या ने कहा कि वह हमेशा यह चाहती थीं कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस



व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग बदलाव लेकर आई हैं।

एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म तू मेरी मैं तेरा.. बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा चांद मेरा दिल रिलीज होगी। यह फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 34 साल की सान्या मल्होत्रा ने मुंबई में खरीदा घर

जिंदगी में अपनी कमाई के दम पर घर खरीदना किसी सपने के पूरा होने से कम नहीं होता। बॉलीवुड इंडस्ट्री की एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने हाल ही में अपना ऐसा ही ड्रीम पूरा कर लिया है। 34 वर्षीय सान्या ने मुंबई में नया घर खरीदा है, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। साथ ही उन्होंने नए घर में प्रवेश की झलकिया भी शेयर की हैं, जिन्हें देख फैंस से लेकर सेलेब्स तक उन्हें खूब बधाइयां दे रहे हैं।सान्या मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए घर की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- हर हर महादेव सालों तक सपने देखना, काम करना, सीखना और आगे बढ़ना।

## सू- दोकू क्र.342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.341 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -342

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. चोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| 5 | | | | | 6 | | 7 | 8 |
| | | | 9 | | | | 10 | |
| | | | | | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | | 14 | | | |
| | | | | | | 15 | | 16 |
| | | 17 | | 18 | | | | |
| 19 | | | | | | | 20 | |
| | | 21 | | | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 341 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## बनी आलिया भट्ट 33वें जन्मदिन पर जानें उनकी सक्सेस स्टोरी

बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस आलिया भट्ट 15 मार्च को अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। आलिया भट्ट एक्टिंग के साथ-साथ अपनी खूबसूरती और लग्जरी लाइफस्टाइल को लेकर चर्चा में रहती हैं। आलिया भट्ट की नेटवर्थ करोड़ों में हैं। आलिया भट्ट ने अपने करियर की शुरूआत छोटे पर्दे से की थी, लेकिन अब उन्होंने फिल्मों की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।



**जन्म और परिवार**-वहीं 15 मार्च 1993 को आलिया भट्ट का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम महेश भट्ट और मां का नाम सोनी राजदान है। वहीं आलिया भट्ट की बहन पूजा भट्ट अपने समय की जानी-मानी एक्ट्रेस रह चुकी हैं।

**चाइल्ड आर्टिस्ट**-आलिया भट्ट ने बहुत कम उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रखा। साल 1999 में फिल्म संघर्ष में आलिया भट्ट ने प्रीति जिंटा के बचपन का किरदार निभाया था। उस फिल्म में आलिया का मासूमियत और अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

**फिल्मी डेब्यू**-साल 2012 में आलिया भट्ट को करण जौहर ने बड़े पर्दे पर लॉन्च किया था। आलिया भट्ट की डेब्यू फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर% थी। इस फिल्म में आलिया के साथ वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा थे। इस फिल्म से आलिया भट्ट को रातों-रात फेम दिया था और इसके बाद उन्होंने कई हिट फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा। आलिया भट्ट ने बद्रीनाथ की दुल्हनिया, डियर जिंदगी, गली बॉय, हाइवे, राजी, डार्लिंग्स, गंगूबाई काठियावाड़ी, ब्रह्मास्त्र और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी आदि फिल्मों में काम किया।

# 17 मार्च को विधानसभा घेराव के लिये रायपुर कूच का आह्वान

## मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस की बड़ी बैठक



**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (एमसीबी) द्वारा मनेन्द्रगढ़ में पंचायत कमेटी और वार्ड कमेटी के गठन तथा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 17 मार्च को रायपुर में प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विधानसभा घेराव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और जिले के प्रभारी जेपी श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व विधायक गुलाब कमरो और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, पंचायत और वार्ड स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के पदाधिकारियों और समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। नेताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर ही निर्भर करती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में जाकर जनता की समस्याओं को उठाना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है जिससे गरीब मजदूरों और ग्रामीणों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब, किसान और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि 17 मार्च को रायपुर में होने वाले विधानसभा घेराव में बड़ी संख्या में शामिल होकर मनरेगा बचाने की आवाज बुलंद करें। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिये जीवनरेखा के समान है लेकिन भाजपा सरकार इसे कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे रायपुर में होने वाले विधानसभा घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पंचायत और वार्ड कमेटियों का गठन किया जा रहा है ताकि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को उठाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देती है और कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। बैठक में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के हितों के लिये निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश चंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला महामंत्री रफीक मेमन, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) निर्मला चतुर्वेदी, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष चिरमिरी शिवांश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष जनकपुर अंकुर प्रताप सिंह, पूनम सिंह, आनंद राय, जगदीश मधुकर, राजाराम कोल, अमर सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### जनहित के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का संकल्प

## संसद घेराव कार्यक्रम में भाग लेने एमसीबी के 35 युवा कांग्रेसी दिल्ली रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित संसद घेराव कार्यक्रम में भाग लेने के लिये एमसीबी जिले से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दल शनिवार को दिल्ली के लिये रवाना हुआ। युवा कांग्रेस नेता हाफ़िज़ मेमन और स्वप्निल सिन्हा के नेतृत्व में जिले के लगभग 35 युवा कांग्रेसी पूरे उत्साह और जोश के साथ राजधानी दिल्ली के लिये प्रस्थान किये। दिल्ली रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर युवा नेता और पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने कहा कि संसद घेराव कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, किसानों, बेरोजगारों और आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती के साथ उठाना है। उन्होंने कहा कि देशभर से हजारों की संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करेंगे और सरकार का ध्यान जनसमस्याओं की ओर आकर्षित करेंगे। युवा कांग्रेसी नेता हफीज मेमन ने कहा कि संगठन हमेशा से जनता के अधिकारों और समस्याओं को लेकर संघर्ष करता रहा है। युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, महंगाई और जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर संसद घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ताकि इन विषयों पर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक चर्चा हो सके। नेताओं ने यह भी कहा कि युवा कांग्रेस का उद्देश्य केवल आंदोलन करना नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर रहकर जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाना है। इसी भावना के साथ एमसीबी जिले के युवा कार्यकर्ता दिल्ली जाकर कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। एमसीबी जिले से दिल्ली रवाना हो रहे युवाओं ने संगठन की विचारधारा को मजबूत करने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प भी लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। रवाना होते समय कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

## नागपुर में भाजपा का दो दिवसीय आवासीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



**नागपुर/मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नागपुर स्थित आर.के. पैलेस में दो दिवसीय आवासीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले द्वारा भाजपा का झंडा फहराकर की गई। इसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और उनका एकात्म मानववाद का दर्शन भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ संगठन की कार्यपद्धति, नीति और सिद्धांतों से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को कुल सात सत्रों में विभाजित किया गया था। इनमें दीप प्रज्वलन, अतिथि स्वागत, उद्बोधन और प्रशिक्षण प्रक्रिया, कार्य विस्तार, हमारी दृष्टि इतिहास विकास योग एवं प्रार्थना, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, एआई, सरल एप और नमो ऐप के उपयोग सहित बूथ प्रबंधन को मजबूत करने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में चंपा देवी पावले, द्वारिका जायसवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, डमरू बेहरा, लखन श्रीवास्तव, अरविंद अग्रवाल और राजकुमार वधावन ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी नागपुर मंडल की कार्यशाला प्रभारी श्रीमती सरोज यादव ने निभाई। इस अवसर पर नागपुर मंडल के सभी पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वन क्षेत्र में आग लगाने वाला आरोपी रंगे हाथ पकड़ा, गिरफ्तार

**बलरामपुर।** वन मण्डल बलरामपुर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र बलरामपुर में वन क्षेत्र में आग लगाने के मामले में एक व्यक्ति को मौके पर पकड़कर गिरफ्तार किया गया है। वन मण्डल अधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी के निर्देशन तथा उपवनमण्डलाधिकारी अनिल कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। वन परिक्षेत्र बलरामपुर के सर्किल बादर, बीट पीपराही के वन कक्ष क्रमांक पी-3335, वनखण्ड रामचौरा के काठोपानी नामक स्थान पर संतोष पिता भागीरथी, निवासी ग्राम बरदर को वन क्षेत्र में आग लगाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। घटना के संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 22043/04 14 मार्च कोदर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(घ) तथा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग ने आरोपी संतोष को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जप्ती एवं कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी निखिल सक्सेना के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौजूद रही।

## जी राम जी योजना मजदूरों के लिए वरदान साबित होगी



**कोरिया बैकुंठपुर।** विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप साहू ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत फूलपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण मजदूरों और किसानों से मुलाकात कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा मजदूरों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना।

ग्राम पंचायत फूलपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री साहू ने विशेष रूप से मजदूरों को 'जी राम जी योजना' के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना मजदूर वर्ग के लिए बेहद महत्वपूर्ण और लाभकारी साबित होने वाली है। इस योजना के माध्यम से मजदूरों को उनके कार्य का भुगतान पूरी पारदर्शिता के साथ सीधे उनके बैंक खातों में किया जाएगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और मजदूरों को उनका पूरा अधिकार मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के हित में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को वर्ष में 100 दिनों का रोजगार मिलता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इससे ग्रामीण मजदूरों की आय में वृद्धि होगी और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। श्री साहू ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे गांव में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों को रोजगार के लिए बाहर पलायन करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी भी ली और उनसे पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से उनके मकान निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों से मिलने वाली राशि और उसकी उपयोगिता के संबंध में भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद परिवार तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचे। श्री साहू ने प्रदेश की सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की भी जानकारी ग्रामीणों को दी। साथ ही उन्होंने बैकुंठपुर क्षेत्र के विधायक द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर किसानों, मजदूरों और आम लोगों से संवाद कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत फूलपुर के अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी योजनाओं के संबंध में अपने अनुभव साझा किए और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का माहौल संवादात्मक रहा, जहां ग्रामीणों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं और उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



### आरक्षक के परिवार को मिली सहायता राशि

**सूरजपुर।** ड्यूटी जाने के दौरान सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए सूरजपुर जिले के आरक्षक मसत राम पैंकरा के परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर व एसबीआई रिजनल मैनेजर अविनाश पाणिग्रही दिवंगत आरक्षक के ग्रहग्राम चकेरी थाना उदयपुर, जिला सरगुजा जाकर आरक्षक की धर्मपत्नी कुसुम सिंह को यह राशि चेक के माध्यम से सौंपी। आरक्षक मसत राम पैंकरा जिला सूरजपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे और डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर के गनमैन थे। उनका आकस्मिक निधन 17 सितम्बर 2025 को ड्यूटी जाने दौरान एक सड़क दुर्घटना में हो गया था। इस घटना पर पुलिस विभाग ने गहरा शोक व्यक्त किया था। डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बैंक अधिकारियों के साथ 13 मार्च 2026 को आरक्षक की धर्मपत्नी कुसुम सिंह व परिजनों को सांत्वना देते हुए भारतीय स्टेट बैंक शाखा से 1 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया।

### जनभागीदारी से जलसंचय पर केंद्रीय भूमिजल बोर्ड की कार्यशाला सम्पन्न

## जनप्रतिनिधि जल संरक्षण में दें योगदान ताकि-कलेक्टर त्रिपाठी

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में जल संरक्षण के अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की उपस्थिति में जनभागीदारी से जलसंचय अभियान पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में केंद्रीय भूमिजल बोर्ड से आए वैज्ञानिकों ने जिले के जनप्रतिनिधियों को जल संरक्षण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी और सरल संरचनाओं के माध्यम से जल संचय को बढ़ाने के उपाय बताए। कार्यशाला में केंद्रीय भूमिजल बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि जल संरक्षण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य रिचार्ज जोन की पहचान करना है। उन्होंने बताया कि जमीन के भीतर चट्टानों के बीच बने गैप में पानी का संग्रह आसानी से किया जा सकता है, जिससे भूजल स्तर को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। केंद्रीय भूमिजल बोर्ड की विशेषज्ञ महिमा अवस्थी और शिप्रा ने बताया कि कोरिया जिले का अधिकांश क्षेत्र रिचार्ज जोन में आता है। जिले की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाकर भूजल संसाधनों को मजबूत किया जा सकता है। इस अभियान के सफल होने से जिले के साथ-



साथ पूरे प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जल संरक्षण को तेजी से आगे बढ़ाकर जन आंदोलन बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जल संरक्षण के लिए प्रयास नहीं किए गए तो आने वाला भविष्य चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को इस अभियान में नेतृत्व की भूमिका निभाने की अपील की। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा आज पानी की किल्लत एक वैश्विक समस्या बन रही है। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि पानी के एक-एक बूंद को संरक्षित किया जाए। बारिश की पानी को बेवजह बहने की बजाय धरती के अंदर समाहित की जाए ताकि भूजल स्तर बढ़ सके। वैज्ञानिकों ने बताया कि जमीन के नीचे चट्टानों की परतों के आधार पर रिचार्ज और डिस्चार्ज जोन बनते हैं। जहां पानी जमीन के अंदर समा जाता है उसे रिचार्ज जोन कहा जाता है, जबकि जहां पानी बाहर निकल जाता है उसे डिस्चार्ज जोन कहा जाता है। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, शिवपुर अध्यक्ष अरुण जायसवाल, पटना नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एसडीएम बैकुंठपुर सहित जल संसाधन, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी तथा राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारी शामिल हुए।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न

**रामानुजगंज।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव वह जिला पंचायत सदस्यों की विशेष उपस्थिति की में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। सभा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या से निपटने के लिए विशेष तैयारी करने तथा खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## ग्रामीण युवाओं के लिए कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल कार्यशाला का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर (बैकुंठपुर) में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सेमिनार कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में सही मार्गदर्शन प्रदान करना था, ताकि वे अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला महाविद्यालयीन छात्र कार्य प्रमुख प्रशांत कुमार राजवाड़े थे। उन्होंने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों—विज्ञान, गणित, कॉमर्स, कला तथा एग्रीकल्चर—के बाद उपलब्ध कैरियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में विद्यार्थियों के सामने केवल पारंपरिक नौकरियों तक ही सीमित विकल्प नहीं हैं, बल्कि शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक नए अवसर उपलब्ध हैं। यदि विद्यार्थी सही दिशा में मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ें, तो वे अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। प्रशांत कुमार राजवाड़े ने विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) सहित अन्य प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निरंतर अध्ययन, अनुशासन और धैर्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, सही अध्ययन पद्धति तथा सकारात्मक सोच के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया और कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन और भविष्य को बर्बाद कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिकता, अनुशासन, मानवता और संस्कारों के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं है, बल्कि एक बेहतर और जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने व्यक्तित्व का विकास करें और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस कार्यशाला में ग्राम पंचायत बिशुनपुर, जूनापारा, फूलपुर, उमझर, नगर, बरबसपुर और शिवपुर के बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके साथ ही विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया और इस पहल की सराहना की। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान अपने कैरियर से जुड़े कई प्रश्न भी पूछे, जिनका प्रशांत कुमार राजवाड़े ने विस्तार से उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। विदित हो कि प्रशांत कुमार राजवाड़े पिछले कई वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य तय करने में सहायता मिली है। वे छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में दो बार साक्षात्कार के लिए चयनित हो चुके हैं, जो उनकी प्रतिभा और समर्पण को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि उन्हें केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्री तोखन साहू के हाथों 'छत्तीसगढ़ गौरव शिक्षा रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ ही उन्हें राज्य के सर्वोच्च सम्मान 'छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान 2025' के लिए जिला प्रशासन कोरिया द्वारा अनुमोदित भी किया



गया था। यह कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल कार्यशाला ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक साबित हुई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अपने कैरियर के प्रति स्पष्ट दिशा मिली, बल्कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मूल्यों और अनुशासन के महत्व को भी समझने का अवसर मिला।

# धान का उठाव करने में देरी, सुखत की भरपाई क्यों करें समितियां

**कोरबा।** धान उपार्जन सीजन 2025- 26 कोरबा जिले में धान खरीदी करने वाली अनेक समितियां के मामले में अभिशाप साबित हो रहा है। खरीदी की अंतिम तारीख खत्म होने और प्रशासन के दिशा निर्देश के बाद भी शत प्रतिशत धान का उठाव केंद्रों से नहीं हुआ है। राइस मिलर्स इस मामले में जनबूझकर देरी कर रहे हैं। वही उपार्जन केंद्र के कर्ताधर्ताओं पर सूखत की मात्रा देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। वही सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने सवाल किया है कि सिस्टम की गलती से अगर उठाव नही हो रहा है तो इसके लिए हम दोषी कैसे और भरपाई की जिम्मेदारी हमारी क्यों?

कोरबा जिले में 49 समितियां के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर की गई। 15 नवंबर से इस काम को औपचारिक रूप से शुरू किया गया जो अंतिम रूप से 31 जनवरी को समाप्त हो गया। इस दौरान लगभग 17000 किसान बेचने से वंचित रहे। चौतरफ़ा दबाव बनने पर सरकार ने 5 और 6 फरवरी को 2 दिन का समय अतिरिक्त रूप से दिया और इसमें भी गिनती के किसानों को अपनी पैदावार बेचने का अवसर प्राप्त हो सका। एक तरफ किसानों का टेंशन तो दूसरी तरफ केंद्र में जमा हुई पैदावार को समय रहते यहां से उठाने की चुनौती ने सहकारी समितियां को लंबे समय तक परेशानी में डाला।

अभी की स्थिति में कोरबा से लेकर छुरिकला, श्यांग,



## अजीब स्थिति से दो-चार होना पड़ रहा सहकारी कर्मियों को

बरपाली जिलगा, चिर्रा, सिरमिना, सहित अनेक उपार्जन केदो में धान की बड़ी मात्रा पड़ी हुई है जिसका उठाव नहीं हो सका है। इस मसले को लेकर परेशान चल रहे सहकारी समिति कर्मचारी संघ का कहना है कि जानबूझकर राइस मिलर्स धान का उठाव करने में देर कर रहे है। इस तरह की सूचना प्राप्त हुई है कि देरी होने पर धान में ड्राइनेस की समस्या होगी और फिर सूखत के लिए दबाव बनाया जाएगा। खबर है कि पहले ही 50 से 100 ग्राम तक की मात्रा को लेकर हल्ला किया गया और अब सरकारी व प्राकृतिक कारणों से पैदा होने वाली समस्या और इसकी भरपाई को लेकर कोई चर्चा नही हो रही है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ का कहना है कि जब हमारे यहां अपने स्तर पर धान की खरीदी हो गई और प्रशासन की ओर से साथ-साथ उठाव कराने के दावे किए गए तो फिर काम क्यों नहीं हुआ। इस वजह से पैदा हुई परिस्थितियों के लिए सहकारी समितियां और उनके लोग जिम्मेदार कैसे हो गए। कर्मचारी संघ ने कहा है जानबूझकर उठाव के कार्य में देरी होने पर राइस मिलर्स जिम्मेदार है, हम नहीं। और इसके लिए सुखत जैसी समस्या की कोई रिकवरी करने का सवाल पैदा नहीं होता है। पुरजोर तरीके से हम इस बात को सरकार के मुख्यमंत्री के साथ-साथ राज्य के संबंधित अधिकारियों तक भिजवा रहे हैं। कहा गया कि तमाम तरह की उलझन के बीच कामकाज संपादित करना और फिर बाद में अपना ही नुकसान कराना आखिर कौन सी नीति है। किसी भी कीमत पर ऐसे दोहरे मापदंडों को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जाएगा।



दीपका में एक मुख्य मार्ग, जिसका डामरीकरण प्रबंधन ने कराया है।

# एसईसीएल कालोनी के रास्तों को जरूरत है डामरीकरण की

## पार्षद हिमांशु ने सीजीएम से काम की मांग की

**गेवरा-दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड पार्षद हिमांशु देवांगन ने एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी के अंदर जर्जर हो चुकी सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एसईसीएल द्वारा सड़क डामरीकरण का कार्य केवल मुख्य मार्गों तक सीमित रखा गया है।

पार्षद ने बताया कि गेवरा स्टेडियम से आजाद चौक होते हुए काली मंदिर तक मुख्य मार्ग में ही डामरीकरण किया जा रहा है, जबकि कॉलोनी परिसर के अंदर स्थित एमडी, एमक्यू, बी-टाइप और एनसीएच क्वार्टरों के बीच की सड़कों की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। इन सड़कों के गड्ढों और जर्जर हालत के कारण कॉलोनीवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार लिखित व मौखिक रूप से महाप्रबंधक को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। इसके साथ ही गेवरा कॉलोनी की मुख्य और उप नालियां भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे जल निकासी की समस्या बनी हुई है। पार्षद हिमांशु देवांगन ने मुख्य महाप्रबंधक से आग्रह किया है कि मुख्य सड़क निर्माण के साथ-साथ कॉलोनियों के अंदर की सड़कों का भी डामरीकरण कराया जाए तथा क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत जल्द कराई जाए, ताकि कॉलोनी में रहने वाले कर्मियों और उनके परिवारों को सुगम आवागमन और बेहतर स्वच्छता की सुविधा मिल सके।

# रेलवे कंसेशन कब होगा शुरू वरिष्ठ नागरिकों को प्रतीक्षा



**कोरबा।** आरक्षित श्रेणी की रेल टिकटो पर मिलने वाला रेलवे कंसेशन क्या शुरू होगा या नहीं, इसकी प्रतिक्षा वरिष्ठ नागरिकों को है। कोविड कालखण्ड में लॉकडाउन और आर्थिक चुनौतियां को देखते हुए सरकार ने इसे बंद कर दिया था। तब से अब तक पुरानी व्यवस्था ही चल रही है।

तत्कालीन समय में रेलवे वरिष्ठ महिलाओं को रेलवे यात्रा पर आरक्षित टिकटों के मामले में 50 और पुरुषों को 30 फीसदी की छूट देकर बड़ी राहत देता था। इसके साथ बर्थ कंफर्मेशन कि पूरी संभावना रहती थी। कोविड के समय तात्कालिक परिस्थितियों को देखते हुए लगाए गए प्रतिबंध अभी भी लागू है। लंबा समय गुजरने के बाद भी पुराने ब्रेकर को हटाने और कुछ श्रेणियां को राहत देने के बारे में ना तो विचार किया गया है और ना ही इसे क्रियान्वयन की श्रेणी में लाया गया है। इसलिए अभी की स्थिति में सभी तरह के यात्रियों को उनकी रेल यात्रा के मामले में किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जा रही है। ई रेल टिकट सेवा प्रोवाइडर राजेश कुमार ने बताया कि उनके पास कई उपभोक्ताओं के फोन आते हैं जिन्होंने बीते कुछ समय में समाचार माध्यमों में यह पढ़ रखा है कि वरिष्ठ नागरिकों के हित में पिछले कंसेशन को लागू किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि किसी न किसी स्रोत से इस तरह की सूचना मीडिया तक पहुंचती है और यह प्रकाशित भी होती है लेकिन रेलवे के सिस्टम में अभी से अप्लाई नहीं किया गया है। लोग हैरानी के साथ पूछते हैं कि जब मीडिया तक बात आई है तो फिर क्रियान्वयन के प्रकरण में अंतिम स्थिति कब निर्मित होगी और हम लोगों को राहत कैसे मिलेगी ।

# बाधक बने कई मालवाहकों पर 283 की कार्रवाई की पुलिस ने

**कोरबा।** नगर निगम की स्टेडियम से सीएसईबी चौराहा को जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से खड़े कर दिए गए अनेक मालवाहको पर पुलिस ने 283 के अंतर्गत कार्रवाई की और उन्हें जप्त कर लिया। ऐसी गाड़ियों को पुलिस लाइन भिजवाया जा रहा है। पिछले कुछ दिन से इस रास्ते पर आवाजाही बाधित होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। स्थिति ऐसी हो रही थी कि कहीं पर भी ऐसी गाड़ियां लगा देने से एम्बुलेंस के साथ-साथ छोटी गाड़ियां भी निकल नहीं पा रही थी और लोग परेशान हो रहे थे। स्थिति को सामान्य करने के लिए ट्रैफिक पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। यह मसला गर्म हुआ तो पुलिस को एक्शन लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।



एडिशनल एसपी लखन पटले, नीतीश ठाकुर और नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली निरीक्षक एमबी पटेल, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव, सिविल लाइन प्रभारी नवीन पटेल सहित ट्रैफिक पुलिस ने मोर्चा संभाला और कार्रवाई की। यहां से अनेक ट्रक व ट्रेलर जब्त किए गए। बताया गया कि इस मामले में अन्य धाराएं भी जोड़ी जा रही है। पुलिस ने बताया कि स्टेडियम से सीएसईबी चौराहा की तरफ जाने वाला रास्ता व्यस्त है। यह गाड़ियों के संचालन के लिए बनाया गया है इसलिए सड़क के दोनों तरफ किसी भी वहां को खड़ा नहीं करना है। इस वजह से समस्याएं उत्पन्न होती हैं और फिर आवागमन बुरी तरह से बाधित होता है। एक दिन पहले ही पुलिस ने अभियान चलाते हुए ध्यानचंद चौराहा , जोड़ा नहर पुल व सर्वमंगला चौक के पास ऐसे ही मामले को लेकर कार्रवाई की थी।

### अब लगातार होगी कार्रवाई

**शहरी क्षेत्र में उत्पन्न स्थितियों को ध्यान में रखते हुए अब यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ट्रैफिक को सामान्य रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख मार्ग पर निगरानी करने के लिए पुलिस स्टाफ हर दिन दौरा करेंगे। कहा गया कि कोरबा औद्योगिक शहर है इसलिए वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इसी के हिसाब से व्यवस्थाएं दी जा रही हैं। इसके बावजूद मनमानी हुई तो एक्शन होगा ही।**

## अकेले घूम रहे लोनरो से बढ़ा खतरा



**कोरबा।** झूंड से अलग होकर दो लोनर हाथी कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज पहुंच गए हैं जो, लगातार रेंज के परला कापानवा पारा व चोटिया क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों का विचरण कर रहे हैं। हाथियों के अकेले विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। क्योंकि जब हाथी अपने झूंड में रहते हैं तो शांत रहते हैं, लेकिन अकेले हो जाने पर आक्रमक हो जाते हैं। वर्तमान में महुआ का सीजन शुरू हो गया और बड़ी संख्या में इसके संग्रहण के लिए जंगल की ओर जा रहे हैं। ऐसे में क्षेत्र में मौजूद हाथी का ग्रामीणों से सामना हो सकता है, जिस पर वे हमला कर नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।

## तारा बार्डर के जंगल में लगी आग



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के तारा बार्डर स्थित जंगल में बीती रात आग लग गई। जंगल में लगी इस आग की सूचना वन विभाग के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई जिस पर मंगल सिंह नायक, रात्रि गश्त में निकले सुनील डिक्सेना वन रक्षक परला प्रितम पुराईन फायर ब्लोअर लेकर तत्काल मौके पर पहुंचे और घंटों मशक्कत करने के बाद उस पर काबू पाया। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की इस सक्रियता के चलते आग दावानल का रूप लेने से पहले बूझ गया और जंगल की अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। ज्ञात रहे गर्मी व महुआ का सीजन शुरू होते ही सीजन में जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है।



# आरबी के निवास पर पहुंचे सलीम राज

**कोरबा।** छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड क़े अध्यक्ष डॉ सलीम राज (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) का एक दिवसीय प्रवास पर रोज़ा इफ्तार क़े लिए कोरबा में आगमन हुआ जिसके तहत छ.ग. प्रदेश व कोरबा क़े वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व उर्दू अकादमी सदस्य व विभिन्न पदों में रहने वाले हाजी नूर मोहम्मद आरबी क़े निवास पर पहुंचे। जिनका सभी ने स्वागत किया जहां मुस्लिम जमात, मेमन जमात समेत सभी समाज के प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा हुई व पार्टी के प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक विषयों पर चर्चा व कार्ययोजना बनी। डॉ. सलीम राज ने भाजपा नेता हाजी नूर मोहम्मद आरबी से वक्फ बोर्ड व संपत्तियों के बारे में विस्तार से चर्चा कर कार्ययोजना बनाते हुए आगामी दिनों में समाज के पक्ष में बड़ी कार्यवाही होने का भरोसा दिलाया जिस पर भाजपा नेता हाजी नूर मोहम्मद आरबी ने किसी का अहित न हो इस पर विशेष ध्यान बरतने पर जोर दिया। जहां श्री आरबी के सुपुत्र मो. न्याज नूर आरबी प्रदेश भाजपा प्रभारी, मोदी मित्र, इंजी. नवाज मो. आरबी भी विशेष रूप से उपस्थित रहते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## राजपूत क्षत्रिय समाज का होली मिलन आज शाम



**कोरबा।** राजपूत क्षत्रिय समाज जिला कोरबा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन एवं फाग गायन का कार्यक्रम महाराणा प्रताप चौक बुधवारी स्थित सामाजिक भवन प्रांगण में आज संध्या रखा गया जो 6 बजे से प्रारंभ होकर 10 बजे तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह एवं समस्त सामाजिक बंधुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरवान्वित करने की अपील की है।



# प्रगतिनगर मानस मंडली का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**गेवरा दीपका।** प्रगतिनगर स्थित राम जानकी मंदिर में प्रगतिनगर मानस मंडली द्वारा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडली की सभी महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और होली पर्व का आनंद लिया।

इस अवसर पर मानस मंडली की सदस्य अपने-अपने घरों से स्वादिष्ट पकवान बनाकर लाई थीं, जिसका सभी उपस्थित जनों ने भरपूर आनंद लिया। भजन संध्या और फाग गीतों की मधुर धुन पर मंडली की सदस्य झूम उठीं और नृत्य करते हुए होली की मस्ती में सराबोर नजर आईं। मंडली की पदाधिकारी श्रीमती सरस उपाध्याय ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिनगर कॉलोनी के अलावा अन्य कॉलोनियों की महिला सदस्य भी शामिल हुईं। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पर्व को उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली पर्व की बधाई दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।

## सिस्टम में कोई बदलाव नहीं
# रेत खनन के साथ दौड़ रहे ट्रैक्टर कटघोरा में

**कोरबा।** कोरबा जिले के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का धंधा पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। प्रशासनिक कार्रवाई के दावे भले ही किए जाते हों, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि रेत माफिया बेखौफ होकर दिन-रात नदियों से रेत निकालकर सड़कों पर ट्रैक्टर दौड़ा रहे हैं। न तो उन्हें खनिज विभाग की कार्रवाई का डर है और न ही अनुविभागीय अधिकारी (SDM) की सख्ती का कोई असर दिखाई देता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। कटघोरा क्षेत्र के कसनिया स्थित अहिरन नदी घाट, पुछापारा अहिरन नदी, कसरेंगा अहिरन नदी, जवाली और बिंजपुर के आसपास से लगातार रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। दिन में भी ट्रैक्टरों के जरिए रेत का परिवहन होता है, लेकिन शाम ढलते ही यह गतिविधि और तेज हो जाती है। रात के अंधेरे में देर रात से लेकर भोर तक ट्रैक्टरों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन ट्रैक्टरों के पास रॉयल्टी की वैध पर्ची भी नहीं होती, इसके बावजूद वे खुलेआम सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें भी की गईं, जिसके बाद कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कुछ ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई थी। लेकिन कार्रवाई का असर ज्यादा दिनों तक नहीं टिकता। एक-दो महीने बाद जब ट्रैक्टर मालिक जुर्माना भरकर अपने वाहन छुड़ा लेते हैं तो वही अवैध धंधा फिर से शुरू हो जाता है।



सूत्रों के अनुसार, जब कभी खनिज विभाग का उड़नदस्ता किसी ट्रैक्टर को पकड़ता भी है तो कथित तौर पर 'नजराना' देकर वाहन छुड़वा लिया जाता है। इसी वजह से रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे प्रशासनिक कार्रवाई को भी गंभीरता से नहीं लेते। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से नदियों का प्राकृतिक स्वरूप भी बिगड़ रहा है और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो नदी घाटों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। फिलहाल स्थिति यह है कि कटघोरा क्षेत्र में रेत माफिया पूरी तरह सक्रिय हैं और प्रशासनिक उदासीनता के कारण अवैध उत्खनन व परिवहन का सिलसिला बदस्तूर जारी है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस पर कब तक प्रभावी और स्थायी कार्रवाई करता है।

## युवक से गांजा जप्त, 50 पर कार्रवाई

**कोरबा।** सजग कोरबा अभियान चलाते हुए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बताया कि कोरबा के इमली डुग्गू क्षेत्र में रहने वाले अश्वनी यादव के कब्जे से 500 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। उसे पर 20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। जबकि शराब पीकर वाहन चलाने के अपराध में दो व्यक्तियों पर धारा 185 की कार्रवाई की गई। इन मामल का पेनल्टी की कार्रवाई कोर्ट करेगा। जबकि मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं में 50 लोगों पर कार्रवाई की गई है। यह मामले हेलमेटव सीट बेल्ट की उपेक्षा और ट्रैफिक रूल्स का पालन नहीं करने से संबंधित थे। पुलिस ने बताया कि अराजक तत्व को ठीक करने के लिए पुलिस लगातार कोशिश कर रही है।

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु एक युवक की आवश्यकता है। उम्र 20 से 30 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं अनिवार्य।

संपर्क करें

92294-37294







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com